# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

वर्ष - 05 अंक - 21 बैकुंठपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

www.cgfrontline.com


## राष्ट्रीय राजमार्ग में कार व टैंकर की जबरदस्त भिड़ंत में युवक-युवती की दर्दनाक मौत

### गंभीर स्थिति में दो घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-43 अंतर्गत बतौली, कुनकुरी में गुरूवार को अलसुबह हुए हादसे में तेज रफ्तार टियागो कार चलती ट्रक के सामने घुस गई, जिससे कार चला रहे युवक और सामने बैठी युवती की मौके पर ही मौत हो गई। कार के पीछे बैठे युवक-युवती कार में फंसे थे, इन्हें डॉयल 112 और ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया। इनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रिफर कर दिया है।



जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह लगभग 5.30 बजे बतौली से टियागो कार क्रमांक सीजी 15 डीपी 3420 में दो युवक व दो युवती सवार होकर कूड़ोपारा सिलमा जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में कुनकुरी मुख्य मार्ग पर सीतापुर की तरफ से आ रही ट्रक क्रमांक ओडी 16 डीएम 3138 से आमने-सामने कार सवारों को जोरदार भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में कार चला रहे कुनकुरी निवासी दुष्यंत तिग्गा पिता हरिया तिग्गा 19 वर्ष और सामने बैठी ग्राम भटको निवासी पूर्णिमा एक्का पिता बालम एक्का 17 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार के पीछे सीट में बैठे काराबेल निवासी अनुज तिर्की पिता जेम्स तिर्की 19 वर्ष और भटको निवासी रेनुका तिर्की पिता जमीर साय 18 वर्ष कार में फंसे रह गए, जिनका पैर बुरी तरह से दबा हुआ था। सहायता के लिए पुकार लगाते दोनों युवक-युवती को डॉयल 112 टीम के राजू कुजूर व आशीष एक्का सहित ग्रामीणों ने कार का गेट तोड़कर बाहर निकाला। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों घायल युवक-युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी को बीच सड़क में लॉक करके चाभी लेकर मौके से फरार हो गया, जिस कारण घटनास्थल पर ही ट्रक खड़ी रही। बताया जा रहा है कि कार में पेंट भी रखा हुआ था, दुर्घटना के बाद कार सवार घायल व मृतक पेंट से रंग गए थे। इन्हें काफी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकालने में सफलता मिली। पेंट से रंगे होने की वजह से कार सवारों की पहचान में दिक्कत हो रही थी।

#### शिक्षक पुत्र से कार लेकर गया था दुष्यंत

दुर्घटनाग्रस्त कार बतौली खड़धोवा निवासी शिक्षक सुखसाय पैकरा की बताई जा रही है, जिसमें उनका पुत्र जयकिशन अलसुबह 5.30 बजे घूमने निकला था। उसकी मुलाकात बतौली कुनकुरी निवासी दोस्त दुष्यंत से हुई, जो अपने साथी अनुज, रेनूका, पूर्णिमा के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकला था। जयकिशन से कार मांग कर दुष्यंत अपने दोस्त काराबेल निवासी अनुज को कूड़ोपारा सिलमा छोड़ने जा रहा था। यहां अनुज तिर्की की बोलेरो वाहन खड़ी थी। दुष्यंत उसे छोड़ पाता, इसके पहले वे सड़क हादसे का शिकार हो गए।

#### पूर्णिमा पिता की थी इकलौती संतान

कुनकुरी निवासी दुष्यंत और भटको निवासी पूर्णिमा की मौत से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दुर्घटना में मृत लड़की पूर्णिमा एक्का अपने पिता की इकलौती बेटी थी, जो हर सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए अपनी सहेली रेनुका के साथ निकलती थी। दोनों छात्राएं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में कक्षा 11वीं व 12वीं में पढ़ती थीं।

## माता की आराधना में लीन हैं केंद्रीय जेल के बंदी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नवरात्र पर्व पर केन्द्रीय जेल में परिरुद्ध बंदियों द्वारा ज्योतिकलश एवं मां दुर्गा के प्रतिमा की स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना की जा रही है, जिससे इन दिनों जेल का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना हुआ है। जेल परिसर पूरे दिन माता के जयकारे से गूंजायमान हो ही रहा है, साथ ही सुबह-शाम माता के भक्ति गीतों की ध्वनि सुनाई दे रही है। जेल प्रबंधन के अनुसार 175 पुरुष एवं 26 महिलाओं द्वारा नवरात्रि का उपवास रखा गया है। जेल प्रशासन द्वारा उपवास रखने वाले बंदियों के लिए फल, साबूदाना, दूध आदि फलाहार की व्यवस्था की गई है। नवरात्र में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भव्य साज-सज्जा की गई है, साथ ही यहां ज्योत कलश भी प्रज्वलित किया गया है, जो पूरे नौ दिनों तक प्रज्वलित रहेगा। बंदियों के द्वारा भक्तिभाव के साथ की जा रही आराधना के बीच जेल के अधिकारी-कर्मचारी भी श्रद्धा अर्पण कर रहे हैं।

## कलेक्टर ने निष्कलंक आश्रम की भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने आदेश पारित किया

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नमनाकला रिंग रोड में स्थित निष्कलंक आश्रम सोसाइटी द्वारा आश्रम के नाम पर अर्जित भूमियों के कामर्शियल उपयोग के विरुद्ध अभिषेक शर्मा अधिवक्ता द्वारा लगाए पर आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर सरगुजा विलास भोसकर संदीपन ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया है। इसके बाद प्रकरण के लंबन काल तक भूमियों के क्रय-विक्रय, निर्माण पर रोक लगा दी गई है। प्रकरण की सुनवाई के दौरान इस बात का उल्लेख अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया कि आश्रम भूमियों का अवैधानिक उपयोग कर रहा है एवं गलत तरीके से लाभ अर्जित करने के लिए पेड़ों की कटाई कर भूमियों का कुछ विक्रय भी किया गया है और दुकानें किराए पर दी गई हैं। आश्रम द्वारा अपनी वार्षिक मीटिंग में यह बताया गया कि संस्था के पास पैसों का अभाव है, इस कारण व्यवसायीकरण किया जा रहा है, जबकि अभिषेक शर्मा ने बताया है कि संस्था के पास करोड़ों रुपये फिक्स्ड डिपॉजिट का ब्याज, रेंट से आय हो रहा है, इसके दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर ने संस्था के अध्यक्ष से पूछा कि इन पैसों का क्या उपयोग होगा तो संस्था के अध्यक्ष ने अपने समुदाय को बढ़ाने के लिए उड़ीसा उक्त रकम को भेजने की बात कही। कलेक्टर सरगुजा ने सभी मुद्दों पर सुनवाई के पश्चात आश्रम की भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित कर दिया। वहीं वाद भूमि के अंतरण, उपयोगिता व पेड़ों की कटाई सहित सामने आए अन्य तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में कहा है कि तत्संबंध में जांच किया जाना उचित प्रतीत होता है।

## मां महामाया मंदिर में राजपरिवार के द्वारा संधि पूजा आज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मां महामाया मंदिर में राजपरिवार के द्वारा संधि पूजा आज शुक्रवार, 11 अक्टूबर को प्रातः 6.52 बजे की जाएगी। सरगुजा राजपरिवार के राजपुरोहित द्विपेश पांडेय ने संधि पूजा सहित विजयदशमी पूजा एवं शस्त्र पूजा के सभी मुहूर्त की जानकारी दी है।



शारदीय नवरात्रि के अष्टमी एवं नवमी तिथि की संधि पर मां महामाया मंदिर में राजपरिवार की ओर से महाराज टीएस सिंहदेव के द्वारा संधि पूजा किया जाएगा। पूजा में कुमार आदित्येश्वर शरण सिंहदेव भी शामिल होंगे। संधि पूजा मां महामाया मंदिर में प्रातः 6.52 बजे प्रारंभ होगी। 12 अक्टूबर दशहरा के दिन दोपहर 12 बजे के उपरांत विजयदशमी पूजा एवं शस्त्र पूजा होगी। दोपहर 3.30 बजे के उपरांत महाराज टीएस सिंहदेव सरगुजा पैलेस में जिलेवासियों से मुलाकात हेतु मौजूद रहेंगे।

## विजयादशमी पर्व पर यातायात सुगम बनाने पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवायजरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** विजयादशमी पर्व के अवसर पर 12 अक्टूबर को आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए अंबिकापुर शहर एवं शहर से होकर आने-जाने वाली वाहनों के लिए सरगुजा पुलिस द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं भारी वाहनों हेतु शाम 04 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिए नो एंट्री जारी की गई है।

इसी तारतम्य में मनेन्द्रगढ़ रोड़, बनारस रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग सांई मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेसीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर मोड़, कन्या परिसर रोड़ होते हुए गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड़, बस स्टैण्ड होते हुए अपने-अपने गंतव्य स्थान की ओर जाएंगे। गढ़वा रोड़, प्रतापपुर रोड़ की ओर से आने वाली सभी यात्री बसें एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड का प्रयोग करते हुए प्रतापपुर चौक, लरंगसाय चौक, चांदनी चौक, सद्भावना चौक, भारत माता चौक, बस स्टैण्ड की ओर से होते गंतव्य की ओर जाएंगे। रायगढ़ रोड, बिलासपुर रोड की ओर से आने वाली सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग रिंग रोड का प्रयोग करते हुए भारत माता चौक, बिलासपुर चौक, नया बस स्टैण्ड, मासूम अस्पताल के पास गंगापुर मोड़, माखन विहार तिराहा एमजी रोड की ओर से होते हुए गन्तव्य की ओर जाएंगें। आपातकालीन सेवा संबंधी वाहन को अंबिकापुर शहर आने एवं बाहर जाने के लिए छूट दी गई है।



#### 12 अक्टूबर को निर्धारित पार्किंग स्थल

स्थल क्रमांक पी-01 व्हीआईपी पार्किंग, मंच में बैठने वाले सभी व्हीआईपी, निर्धारित पासधारी के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-02 हॉकी मैदान, ड्यूटी में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारियों हेतु वाहन पार्किंग स्थल। पी-03 पी.जी. कॉलेज मुख्य प्रवेश द्वार के अंदर पार्किंग में ड्यूटी में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों हेतु वाहन पार्किंग स्थल। पी-04 बीटीआई मैदान में मीडिया संस्थान के सदस्यों के वाहन हेतु एवं आकाशवाणी चौक से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-05 नवापारा चर्च के सामने मैदान में आकाशवाणी चौक से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-06 सेंट जेवियर स्कूल मैदान में आकाशवाणी चौक से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-07 बनारस रोड स्थित आलोक दुबे के प्लाट के बगल में बनारस रोड की ओर से आने आम जनता के टू-व्हीलर वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-08 पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान प्रवेश द्वार रिंग रोड में रायगढ़ रोड़, बिलासपुर रोड एवं शहर के अन्य मार्गों की ओर से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-09 किसान राइस मिल में मनेन्द्रगढ़ रोड़ की ओर से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-10 राजमोहनी देवी भवन के आगे एवं पीछे मैदान में अंबिकापुर की ओर से आने वाले आम जनता के वाहन हेतु पार्किंग स्थल। पी-11 कलाकेन्द्र मैदान रिजर्व।

## नकली सोने का सिक्का दिखाकर डकैती के मामले में एक और बदमाश गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से लूटे गए सोने के चैन का रुद्राक्ष माला बरामद

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जमीन कारोबारी को नकली सोने का सिक्का दिखाकर डकैती करने के मामले में उदयपुर थाना पुलिस ने फरार आरोपी को कोरबा जिला के पसान थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के द्वारा पुराने सोने के सिक्के को एक साथ सस्ते दर में बेचने की बात कहकर डकैती की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी के कब्जे से सोने के चैन का रुद्राक्ष माला, कीमत लगभग 02 लाख रुपये बरामद किया गया है। मामले में पूर्व में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य फरार आरोपियों के तलाश में पुलिस लगी है।



जानकारी के मुताबिक नवल किशोर जायसवाल निवासी वार्ड क्रमांक 01, मुंगेली छत्तीसगढ़ ने थाना उदयपुर में 10 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि घटना दिनांक को शाम करीब 06 बजे वह अपने अन्य साथियों के साथ ग्राम डांडगांव, उदयपुर में खरीद-बिक्री करने के लिए जमीन देखने आया था। डांडगांव बाजार के पास जमीन मालिक के साथ वह जमीन देख रहा था, इसी दौरान पीछे से दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल से आए और मौके पर पहले से मौजूद एक महिला सहित तीनों चाकू दिखाकर तीन लाख 6 हजार 500 रुपये, एक सोने के चेन का रुद्राक्ष माला, मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड लूटकर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना उदयपुर में धारा 309, 318, 310 (2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना में लिया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने पूर्व में मामले में शामिल पन्ना कुर्रे, गौरी सोनी, विजय जायसवाल, तेरसा राम प्रजापति, विश्वप्रसाद, विजय कुमार आदिले को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था और अन्य फरार आरोपियों के तलाश में लगी थी। पुलिस टीम ने सतत आरोपियों पर निगरानी रखते हुए डकैती में शामिल श्याम रतन सोनी उर्फ़ दादी 49 वर्ष निवासी सिरमिना चौकी कोरबी थाना पसान जिला कोरबा को घेराबंदी करके पकड़ा और पूछताछ की तो वह बताया कि पूर्व में जमीन कारोबारी से उसका संपर्क हुआ था। जमीन कारोबारी को सोने जैसा दिखने वाला सिक्का दिखाकर सस्ते दर पर काफी मात्रा में बेचने की बात कहकर वह झांसे में लिया और डांडगांव में बुलाकर सोने का नकली सिक्का दिखाने और उसे झांसे में लेकर चाकू की नोक पर रुपये, सोने के चैन का रुद्राक्ष माला सहित अन्य सामान की डकैती करना स्वीकार किया। डकैती में प्राप्त रकम को उसने आपस में बांट लेने की जानकारी दी। पुलिस टीम ने मामले में पूर्व में गिरफ्तार 06 आरोपियों के कब्जे से एक लाख 95 हजार 500 रुपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त 04 मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से घटना के दौरान लूटे गए सोने के चैन का रुद्राक्ष माला बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायिक अभिरक्षा में पुलिस ने भेजा है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों के तलाश में पुलिस टीम लगी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, सहायक उप निरीक्षक सहदेव बर्मन, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, आरक्षक विवेक सिंह, नन्दलाल शामिल रहे।

## ट्रेलर में लोड पावर प्लांट का एक करोड़ से अधिक का मशीनरी गिरकर क्षतिग्रस्त हुआ

**बीच सड़क में मवेशी की धमाचौकड़ी वाहन चालकों पर पड़ रही भारी**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के रिंग रोड व अंदरूनी मार्गों में मवेशियों की धमाचौकड़ी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। निगम की ओर से मवेशियों को सड़क पर लावारिस हालत में छोड़ने की स्थिति में किसी प्रकार की ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है, जिस कारण सड़कों में अचानक बिदकने वाले गाय-बैल वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बन रहे हैं। मवेशी पालकों को घायल होने वाले आम लोगों के साथ ही स्वयं के मवेशियों की तनिक भी फिक्र नहीं है। सड़क पर मवेशी के अचानक दौड़ लगाने से बीते दिवस अलसुबह एक ट्रेलर का चालक सामने से आ रहे एक अन्य चारपहिया वाहन को बचाते अनियंत्रित हो गया, जिसमें ट्रेलर में लोड एक करोड़ रुपये से अधिक का कीमती मशीनरी सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया।



जानकारी के मुताबिक ट्रेलर क्रमांक यूपी 63 एटी 9666 का चालक सिकंदराबाद, नोएडा से जिंदल स्टील पावर प्लांट में स्थापना के लिए लगभग ढाई-तीन करोड़ रुपये का ओके टेस्टेड मशीनरी लेकर ओड़ीसा जाने के लिए निकला था। बुधवार को अलसुबह लगभग 3.30 बजे अंबिकापुर सीमा में प्रवेश करने के बाद ट्रेलर लेकर चालक बनारस रोड से होते अम्बेडकर चौक की ओर जा रहा था, इसी दौरान डाइट के पहले अचानक मवेशी कूदते-फांदते ट्रेलर के सामने आ गए। सामने से छोटी चारपहिया वाहन भी आ रही थी। इसे देखते हुए ट्रेलर का चालक मवेशी और सामने से आ रही वाहन को बचाने का प्रयास करते कई टन मशीनरी लोड ट्रेलर की गति को कंट्रोल करने का प्रयास किया। इस दौरान लगे झटके से ट्रेलर के लंबे ट्राला में मजबूती के साथ पट्टा और मोटा रस्सा टूट गया, जिससे बंधे कई मशीनरी सड़क में गिरकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इसकी जानकारी वह कंपनी के जिम्मेदारों को दिया। गुरूवार को हाइड्रा से मशीनरी को उठवाकर पुनः वापस नोएडा लेकर ट्रेलर का चालक रवाना हुआ।

## दुलदुला विकासखंड में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मछली पालन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रदेश की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियां में शामिल कर उनके लिए स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिलाओं को अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए मुर्गी पालन, मछली पालन, एवं अन्य आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कहा गया है।

जशपुर जिले में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देश में लखपति पहल अंतर्गत समूह की महिला सदस्यों को निरंतर रूप से अभिसरण के साथ मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।




इसी कड़ी में विगत दिवस दुलदुला विकासखंड के सामुदायिक भवन में मत्स्य निरीक्षक कुमारी शीला मिंज और डीपीएमएन आरएलएम द्वारा मछली पालन करने वाले समूह को प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। प्रशिक्षण में मछली पालन के लिए 03 लेयर में पालन करने की विधि बताई गई। तालाब में मछली का संचयन करने से पहले की तैयारी, उर्वरीकरण, संचय पश्चात रख रखाव एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

मत्स्य विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। और लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मछली पालन आय का उत्तम साधन है। कम लागत से अच्छा लाभ कमाया जा सकता है।

# करमा महोत्सव की तैयारी के संबंध में संभागायुक्त ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** करमा महोत्सव की तैयारी के संबंध में सरगुजा संभागायुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने गुरुवार को जिला कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।



बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य की जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से करमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचायत, विकासखण्ड, जिला तथा राज्य स्तर पर किया जाना है। ग्राम एवं विकासखण्ड स्तर के आयोजन संबंधित जिले में किए जाएंगे, वहीं जिला एवं राज्य स्तर का आयोजन सरगुजा जिले के अंबिकापुर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम एवं विकासखण्ड स्तर के आयोजन के लिए सभी जिले अभी से तैयारी शुरू कर लें। आयोजन के दौरान उत्सव का माहौल हो, सभी आयु वर्ग के लोगों को इसमें शामिल करें, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों में निर्णायक समिति बना ली जाए।

बैठक में संभागायुक्त ने कहा कि जिला एवं राज्य स्तर का आयोजन सरगुजा जिले के अंबिकापुर में किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर के चयनित प्रतिभागी जिला स्तर में अपनी प्रस्तुति देंगे, इसके बाद जिला स्तर के चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर में हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी जिले के कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिभागियों के आवागमन सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी पूर्व में सुनिश्चित कर लें। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले महोत्सव कार्यक्रम के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु राज्य स्तर पर आयोजन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने राज्य स्तर के कार्यक्रम के लिए आयोजन स्थल के संबंध में चर्चा के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी जिलों के कलेक्टर से आयोजन के संबंध में सुझाव भी लिए गए। इस दौरान एनआईसी कक्ष में कलेक्टर विलास भोसकर, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, उपायुक्त द्वय प्रणव सिंह व आरके खूंटे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डिस्को डांडिया में फिल्म एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने बिखेरा जलवा, झूम उठे शहरवासी



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** शहर के राजमोहिनी देवी भवन में अधिवक्ता डी.के. सोनी टाइटल स्पॉन्सर, राहुल गोयल जय हनुमान कोल डिपो, राममोहन अग्रवाल होटल ग्रैंड बसंत, विजय अग्रवाल अपेक्स एसोसिएट और हर्षा तायल, अमन तायल एएच इवेंट के तत्वाधान में सांस्कृतिक मान्यताओं के अनुरूप भव्य डिस्को डांडिया सीजन वन का आयोजन 6 अक्टूबर, रविवार को शाम 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय तिर्की ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डिस्को डांडिया के पहले सीजन में विशेष रूप से देश की जानी-मानी एक्ट्रेस व डांसर सुधा चंद्रन नाचे मयूरी फेम अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। उन्होंने डांडिया खेलने आए माता, बहनों को भी संबोधित किया और मंच पर डांडिया करके लोगों को डांडिया नृत्य करने मजबूर कर दिया। देश की प्रसिद्ध एंकर रिमझिम दुबे ने भी डिस्को डांडिया कार्यक्रम का संचालन ऐसा किया कि लोग मस्ती में खो गए। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता डीके सोनी ने बताया कि डिस्को डांडिया सीजन वन में शामिल होने के लिए नगर वासियों के लिए बहुत ही कम शुल्क निर्धारित किया गया था, जिससे 5000 से अधिक संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य मध्यम वर्ग एवं छोटे वर्ग के परिवारों को डांडिया नाइट में शामिल होकर उन्हें भी बड़े शहरों की तर्ज पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल भी शामिल हुए। इस मौके पर नवरात्रि स्पेशल व्यंजन चितरंजन कैटर्स एवं अन्ना दोसा का भी लोगों ने लुफ्त उठाया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ. निशांत अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, डॉ. पूजा अग्रवाल, आकाश गुप्ता, श्वेता गुप्ता, श्रेयांश बंसल, विजय बंसल (बिज्जू), वैभव अग्रवाल, यस सिंह सोहेल, वरुण बंसल, चंचल सिंह तथा शुभम सोनी की मुख्य भूमिका रही।

## अज्ञात शत्रु बनकर गिरी आकाशीय बिजली से गई किशोर की जान, दो जख्मी हुए

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** शहर से लगे खैरबार लौंगापानी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, दो जख्मी हो गए।



जानकारी के मुताबिक खैरबार निवासी सागर अगरिया पिता दिलू अगरिया 17 वर्ष बीते गुरूवार को अंकित और तेजन के साथ बकरी चराने के लिए लौंगापानी में घुटरी के पास गया था। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और बारिश के साथ आकाशीय गर्जना होने लगी। इसके बाद सागर सहित अन्य मवेशी को लेकर वापस घर की ओर लौटने लगे। रास्ते में ही बिजली कड़की और पल भर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सागर मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया, तेजन बिजली के झटके से फेंका गया और अंकित मामूली रूप से जख्मी हुआ था। दोनों को बेहोशी की हालत में पड़े देख अंकित दौड़ते घर पहुंचा और स्वजनों को घटना के संबंध में बताया। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों के साथ स्वजन मौके पर पहुंचे। इन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने शाम लगभग 7 बजे सागर को मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

# सेक्टर स्तरीय वीमेंस वालीबॉल प्रतियोगिता में साई कॉलेज विजेता

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** होली क्रॉस वीमेन्स कॉलेज में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय महिला व्हालीबॉल प्रतियोगिता में श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब हासिल किया है। साई कॉलेज की टीम ने पहला मैच शासकीय नवीन महाविद्यालय जरही डुमरिया के साथ खेला और 15-4, 15-9 से जीत दर्ज किया। दूसरे चरण में शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय जशपुर से मुकाबला हुआ, जिसमें साई कॉलेज के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। पहला सेट साई कॉलेज ने जीता तो दूसरा जशपुर ने जीता, तीसरा सेट निर्णायक रहा, जिसमें साई कॉलेज ने जीत दर्ज की।



साई कॉलेज के खिलाड़ियों का मुकाबला सेमीफाइनल में सरस्वती महाविद्यालय की टीम से हुआ, जिसमें 25-20, 25-22 से जीत दर्ज किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज और साई कॉलेज के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, इसमें 15-12, 12-15,15-11 से जीत हासिल किया। साई कॉलेज के क्रीड़ाधिकारी तिलक राज टोप्पो, कोच सोनाली गोस्वामी ने खिलाड़ियों को मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। व्हालीबॉल की खिताबी जीत पर महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, सचिव विजय कुमार इंगोले और प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# कृषि मंत्री की पहल पर पांच महतारी सदन के लिए 1.23 करोड़ रूपए मंजूर

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** किसान कल्याण एवं आदिम जाति विकास मंत्री श्री राम विचार नेताम की विशेष पहल पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पांच विकासखण्डों में स्वीकृति मिली है। इन पांचों महतारी सदन के लिए एक करोड़ 23 लाख 50 हजार रूपए की मंजूरी दी गई है।

जिले के जिन विकासखण्डों में महतारी सदन निर्माण की मंजूरी मिली है इनमें बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम महराजगंज, रणहत, पस्ता-पाढ़ी और डौरा तथा विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम त्रिकुण्डा शामिल है। इसमें प्रत्येक महतारी सदन निर्माण की लागत 24 लाख 70 हजार रूपए है। महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए मंत्री श्री रामविचार नेताम और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# डिजिटल जीवन को सुरक्षित बनाने साइबर अपराधों से पुलिस करा रही आगाह

### केआर टेक्निकल कॉलेज में छात्रों को पुलिस ने दी अहम जानकारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा के.आर. टेक्निकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम सहित अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके से अवगत कराकर जागरूक करना था। इस दौरान साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई, जैसे साइबर धोखाधड़ी, हनी ट्रैप, साइबर बुलिंग, अभिव्यक्ति ऐप, और 1930 साइबर हेल्पलाइन के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया, जिससे साइबर अपराधों के प्रति लोग सतर्क रहें और किसी भी अनहोनी की स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।



प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा ने वर्तमान में साइबर जागरुकता से होने वाले सकारात्मक लाभ के बारे में प्रकाश डालते हुए पुलिस के अभियान को सार्थक बताया। छात्र छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

साइबर वॉलंटियर श्रुति तिवारी, अतुल गुप्ता और विक्की गुप्ता भी इस मौके पर उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता दोनों ही जरूरी है। सरगुजा पुलिस इस जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखकर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद कर रही है। इस प्रकार के प्रयासों से छात्रों के मन में साइबर सुरक्षा के प्रति समझ बढ़ेगी और वे अपने डिजिटल जीवन को अधिक सुरक्षित बना सकते हैं।

## कार सवार बदमाशों के विरूद्ध केस दर्ज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** शहर में होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए तत्पर रहने वाली पुलिस के लिए कुछ नामचीन बदमाश सिरदर्द बन गए हैं। इनका नाम आए दिन किसी न किसी अपराधिक कारनामे को लेकर सुर्खियों में रहता है।

इमलीपारा निवासी रिजवान सिद्दीकी ने पुलिस को बताया है कि 9 अक्टूबर की रात को लगभग 11.30 बजे आर्टिका कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 9558 में सवार आदर्श साहू, चीनू पंडित और श्याम सोनी तलवार लहराते शोर-शराबा करते धर्म विशेष के बारे में टिप्पणी कर रहे थे। इनकी बातों को सुनकर वह दहशत में रहा। कार सवार उसे घर से बाहर निकलने के लिए प्रेरित करने में लगे थे। इनकी करतूत सीसीटीव्ही में कैद हुई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (2), 3 (5), 25-27 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर लिया है।

# दुग्ध विक्रेताओं से नमूना संकलित कर जांच हेतु भेजा गया राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला

### मिलावट के खतरे को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम कर रही जांच

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली त्यौहार में सीमावर्ती राज्यों से नकली खोवा, मिलावटी दूध, घी, पनीर तथा गुणवत्ताहीन मिठाई के आपूर्ति की संभावना बढ़ जाती है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। अधिकांश मिठाइयां दूध एवं दुग्ध संबंधी उत्पादों से बनाई जाती है, जिले अंतर्गत अंबिकापुर शहर में दूध की शत-प्रतिशत आपूर्ति आसपास के जिलों के अस्थाई दुग्ध विक्रेता, हॉकर, फेरीवालों एवं मोबाइल वेण्डरों द्वारा की जाती है, जिसमें मिलावट की आशंका सबसे ज्यादा होती है।



अधिकारी ने बताया कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा कलेक्टर सरगुजा विलास भोसकर के निर्देशानुसार अभिहित खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दूध एवं दुग्ध संबंधी उत्पादों में मिलावट के खतरे को देखते हुए अंबिकापुर शहर में आने वाले समस्त दुग्ध विक्रेता, हॉकर, फेरीवालों एवं मोबाइल वेण्डरों का विभिन्न मार्गों एवं चौक-चौराहों में औचक निरीक्षण कर नमूना संकलन एवं जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में बंगाली चौक, गांधी चौक, एमजी रोड, बनारस रोड एवं खरसिया रोड से आने वाले कुल 15 दुग्ध विक्रेताओं से गाय का दूध, भैंस का दूध, मिश्रित दूध, पनीर एवं खोवा इत्यादि का नमूना संकलित कर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। यहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम विनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

## तालाब के मेड़ पर अवैध निर्माण कर बनाई गई दुकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, हटाया गया अतिक्रमण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत द्वारा ऐतिहासिक पक्की तालाब के मेड़ पर अवैध रूप से बनाए गए दुकानों पर प्रशासन ने आज सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर चलाकर इन दुकानों को ध्वस्त किया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।



बताया जा रहा है कि ये दुकानें नियम और कानून को ताक पर रखकर बनाई गई थीं। नियमों के अनुसार, तालाब से 60 फीट की दूरी पर ही कोई निर्माण कार्य किया जा सकता है, लेकिन इन दुकानों का निर्माण तालाब की मेड़ पर ही कर दिया गया था, जो पूरी तरह से अवैध था। इस अवैध निर्माण से तालाब के प्राकृतिक सौंदर्य और संरचना को भी नुकसान पहुंचने की संभावना थी। कलेक्टर के निर्देश पर जैसे ही राजस्व विभाग ने कार्रवाई शुरू की, व्यापारियों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदारों ने अपने सामान को बचाने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया। लोगों की माने तो यह अवैध निर्माण लंबे समय से चल रहा था, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने इस पर कार्रवाई की। नगर के कई हिस्सों में अवैध अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और इस कार्रवाई को एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि अब ऐसे अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

**सार्वजनिक स्थल पर हुआ अतिक्रमण तो होगी कार्यवाही**

प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में भी अगर कोई अवैध निर्माण तालाबों या सार्वजनिक स्थानों पर किया जाता है, तो इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और अवैध रूप से अतिक्रमण करने से बचें।

इस कार्रवाई से शहर के अन्य अवैध कब्जेदारों में भी खलबली मच गई है, और लोग अब प्रशासन की सख्ती को ध्यान में रखते हुए अपने अवैध निर्माणों को खुद ही हटाने की योजना बना रहे हैं।

## समग्र शिक्षा प्रारंभिक अंतर्गत सृजित पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार 21 को

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** समग्र शिक्षा प्रारंभिक के जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि समग्र शिक्षा प्रारंभिक सरगुजा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के देख-रेख के कार्य के लिए प्रति विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र में एक आया, हेल्पर, अटेंडेंट के सृजित पद पर चयन हेतु कार्यालय को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत निराकरण किया गया। उम्मीदवारों के चयन के संबंध में 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कम्पोजिट बिल्डिंग रूम नं. 64 कलेक्ट्रेट कैम्पस में उम्मीदवारों का व्यक्तित्व परीक्षण साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने पात्र व्यक्तियों को निर्धारित तिथि व स्थान पर अपने शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों के साथ उपस्थित होने कहा है।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगी मजिस्ट्रियल ड्यूटी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** विजयादशमी, दशहरा पर्व, रावण दहन एवं राममंदिर से प्रारंभ होकर पीजी कॉलेज ग्राउंड तक निकलने वाली भगवान श्री राम की शोभायात्रा 12 अक्टूबर तथा 13 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन दौरान अंबिकापुर शहर में भीड़-भाड़ होना संभावित है।

उक्त पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। अनुभाग क्षेत्र अंबिकापुर का संपूर्ण प्रभार अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी अंबिकापुर फागेश सिन्हा एवं अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अंबिकापुर अमन चतुर्वेदी की ड्यूटी लगाई गयी है। वहीं अनुभाग क्षेत्र सीतापुर के संपूर्ण प्रभार हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सीतापुर हेतु रवि राही, अनुभाग क्षेत्र उदयपुर के संपूर्ण प्रभार हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर बन सिंह नेताम, अनुभाग क्षेत्र लुण्ड्रा (धौरपुर) के संपूर्ण प्रभार हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी धौरपुर नीरज कौशिक की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं भगवान श्री राम की शोभायात्रा श्री राम मंदिर से पीजी कॉलेज ग्राउंड तक रैली के साथ एवं रावण दहन स्थल पीजी कॉलेज ग्राउंड हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरगुजा डी.एस. उईके, डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरगुजा जे.आर. सतरंज तथा तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अंबिकापुर उमेश्वर सिंह बाज को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दुर्गा मंदिर गांधी चौक हेतु कार्यालयों भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक महेन्द्र साय, महामाया मंदिर हेतु कार्यालय भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक प्रांजल गोयल, पुराना बस स्टैण्ड के पीछे के एरिया हेतु कार्यालय भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक एम. बड़ा, मूर्ति विसर्जन शिवधारी तालाब हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कमलेश कुमार मिरी, मूर्ति विसर्जन विशुनपुर तालाब हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अंबिकापुर निखिल श्रीवास्तव, मूर्ति विसर्जन महामाया तालाब हेतु कार्यालय भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक संजीत पांडेय एवं मूर्ति विसर्जन श्याम घुनघुट्टा परियोजना दरिमा हेतु नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दरिमा अजय कुमार गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है।

# कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

## हिंदुओं को बांटने का लगाया आरोप, बोले- उसे न विकास से मतलब, न विरासत से

एजेंसी



नई दिल्ली, पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से महाराष्ट्र में 7600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज महाराष्ट्र को 10 मेडिकल कॉलेज की सौगात मिल रही है। नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विस्तार का काम, शिरडी एयरपोर्ट के लिए एक टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण, आज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़े इन दो अहम प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास भी हुआ है। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र के इतिहास में इतनी तेज गति से, इतने बड़े स्केल पर अलग-अलग क्षेत्रों में कभी भी विकास नहीं हुआ।

मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया। जब एक भाषा को उसका गौरव मिलता है, तब सिर्फ शब्द नहीं बल्कि पूरी पीढ़ी को नए बोल मिलते हैं। करोड़ों मराठी मानुष का दशकों पुराना सपना पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने जगह-जगह इसकी खुशी मनाई। आज महाराष्ट्र के गांव-गांव से मुझे खुशी के संदेश भी भेज रहे हैं। महाराष्ट्र के लोग अपने संदेशों में मराठी को अभिजात भाषा का दर्जा देने के लिए मुझे धन्यवाद दे रहे हैं। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि ये काम मैंने नहीं, आप सबके आशीर्वाद ने किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी कल ही हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम आए हैं। हरियाणा ने बता दिया है कि देश का मिजाज क्या है। दो बार कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार चुनकर आना ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था। लेकिन कांग्रेस की सारी साज़िशें ध्वस्त हो गई। इन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। लेकिन दलित समाज ने इनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीनकर अपने वोटबैंक को बांटना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के मन में भय का माहौल पैदा कर रही है। कांग्रेस लोगों का डर पालती है। कांग्रेस अपने वोट बैंक की खातिर देश का सांप्रदायिकरण कर रही है। मोदी ने कहा कि आज हरियाणा के दलित वर्ग ने बीजेपी को रिकॉर्ड समर्थन दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को उसके प्रदर्शन पर बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रदर्शन की सराहना की। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) 42 सीट के साथ जम्मू कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और वह अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के साथ केंद्र शासित प्रदेश में अगली सरकार बनाने के लिए तैयार है। कांग्रेस को छह सीट मिली हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जेकेएनसी के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई देना चाहता हूं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी पार्टी केंद्र के साथ रचनात्मक संबंध की उम्मीद करती है। उन्होंने कहा, बधाई संदेश के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद नरेन्द्र मोदी साहब। हम संघवाद की सच्ची भावना में रचनात्मक संबंध की आशा करते हैं ताकि जम्मू-कश्मीर के लोग निरंतर विकास और सुशासन से लाभान्वित हो सकें।

# लद्दाख के एलजी ने किया भारतीय वायुसेना तथा उत्तराखंड युद्ध स्मारक की संयुक्त रैली का फ्लैग ऑफ

एजेंसी




नई दिल्ली, भारतीय वायुसेना तथा उत्तराखंड युद्ध स्मारक की संयुक्त भारतीय रैली 7 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर सियाचीन के सैन्य हवाई से अरुणाचल प्रदेश के बौद्ध नगर तवांग तक की यात्रा पर जा रही है। उसका लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा ने बहुत भव्य समारोह में फ्लैग ऑफ किया। इस समारोह में लद्दाख यूनिवर्सिटी के छात्र, एनसीसी के छात्र, भारतीय थल सेना के बहुत बड़ी संख्या में जवान अपने बंधु भाव को प्रकट करने के लिए वायु सेना दिवस की इस रैली पर उपस्थित हुए थे। इस अवसर पर लद्दाख के वायु सेना के प्रमुख एयर कॉमोडोर डीएस हड्डा, लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल के प्रमुख ताशी ज्ञानसेन, पूर्व सांसद जामियांग नामग्याल तथा उत्तराखंड युद्ध स्मारक के प्रमुख तरुण विजय उपस्थित थे। लद्दाख संघ शासित प्रदेश के युवा एवं खेल सचिव विक्रम सिंह मलिक ने समस्त उपस्थित लोगों का स्वागत किया। तरुण विजय ने उपराज्यपाल बीडी मिश्री का वायु सेना रैली में जा रहे सभी वायु वीरों का परिचय करवाया तथा उनके साथ उनके साथ विशेष रूप से उपस्थित थल सेना की दो महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अश्विनी पवार और मेजर स्वाति का परिचय कराया। रैली के कमांडर विंग कमांडर विजय प्रकाश भट्ट उनके साथ में उपस्थित रहे। उपराज्यपाल बीडी मिश्रा ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि ये रैली समस्त देश में सशस्त्र सेनाओं के प्रति एक आकर्षण और उनके प्रति सम्मान का भाव पैदा करेगी। वायुसेना की सही जानकारी समाज तक पहुंचाएगी। युवाओं में वायुवीर बनने का एक उत्साह पैदा करेगी। ये रैली लेह से चलकर कारगिल, श्रीनगर होते हुए 14 अक्टूबर की दोपहर देरहादून पहुंचेगी जहां उत्तराखंड विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंथ ने उनका स्वागत आयोजित किया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 81,634.72 |
| निफ्टी | 25,013.85 |

# सपा ने 6 सीटों पर तय किये प्रत्याशी

## लिस्ट में तेज प्रताप और सांसद अवधेश के बेटे का भी नाम

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शीघ्र ही दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने 6 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से सपा ने अयोध्या के सांसद और मिल्कीपुर के पूर्व विधायक के बेटे को टिकट दिया है। समाजवादी पार्टी ने विधानसभा की जिन छहः सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है उसमें करहल से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजित प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझवां से ज्योति बिंद को टिकट दिया गया है। उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर इस साल के अंत में विधानसभा के उपचुनाव होने हैं। ये सभी सीटें विधायकों के इस्तीफा देने और सदस्यता जाने की वजह से रिक्त हुई है। बहरहाल, सपा प्रमुख ने जिन छहः उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उसमें परिवारवाद को तवज्जो दी गई है। अखिलेश ने अपने परिवार के तेज प्रताप को करहल से उम्मीदवार बनाया है। फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजित को मिल्कीपुर से टिकट दिया गया है। सीसामऊ सीट से इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम को सिंबल दिया गया है। लालजी वर्मा परिवार के शोभावती को कटेहरी से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह फूलपुर से चुनाव लड़ चुके मुस्तफा सिद्दीकी को फिर से टिकट दिया गया है। वहीं मझवां से ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया गया है। अखिलेश ने टिकट वितरण में पीडीए फॉर्मूले को ध्यान में रखते हुए दो-दो मुस्लिम और ओबीसी, एक-एक दलित और अति पिछड़ा वर्ग के नेता को टिकट दिया गया है। सपा ने जिन चार सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है उसमें मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद सदर और अलीगढ़ की खैर शामिल हैं।

# हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चला योगी का जादू

## जिन सीटों पर किया प्रचार वहां भाजपा का रहा शानदार स्ट्राइक रेट

एजेंसी

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी जीत को पार्टी के विकसित हरियाणा और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए समर्पित किया। हरियाणा के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के स्टार प्रचारक योगी का जादू दोनों राज्यों में चला, क्योंकि जिन सीटों पर उन्होंने सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया था, उनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत हासिल की।



हरियाणा में योगी आदित्यनाथ ने 21 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे पार्टी उम्मीदवारों के लिए 14 जनसभाओं को संबोधित किया था, इनमें से नौ सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। 10 साल की सत्ता विरोधी लहर और एग्जिट पोल को धता बताते हुए भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा की सत्ता में लौट आई। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में प्रचार के लिए बीजेपी उम्मीदवारों के बीच योगी की मांग थी। योगी ने असंध, नरवाना, राई, अटेली, रादौर, जगाधरी, यमुनानगर, साढौरा, बवानी खेड़ा, हांसी, नारनौंद, साबिदां, पंचकुला, कालका, शाहबाद, कलायत और सफीदों विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में फरीदाबाद एनआईटी, बल्लभगढ़, पृथला और बढ़कल विधानसभा क्षेत्रों के लिए संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। भाजपा को 14 विधानसभा सीटें मिलीं, जिनमें असंध, नरवाना, राई, अटेली, रादौर, यमुनानगर, बवानी खेड़ा, हांसी, साबिदां, कालका, सफीदों, फरीदाबाद एनआईटी, बल्लभगढ़ और बढ़कल शामिल हैं। योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर की 11 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए 5 रैलियों को भी संबोधित किया। 11 सीटों में से भाजपा को 10 सीटें मिलीं। ये हैं- रामगढ़, विजयपुर, सांबा, आरएस पुरा, सुचेतगढ़, बिश्नाह, राम नगर, उधमपुर पूर्व, कठुआ और किश्तवाड़।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश की स्थिति के कारण असम के चार जिलों में अफस्पा बढ़ाया गया

एजेंसी

नई दिल्ली, सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम या अफस्पा को असम के चार जिलों में छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है और यह फैसला बांग्लादेश में हालिया अशांति और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर इसके संभावित प्रतिकूल प्रभाव के मद्देनजर लिया गया है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक अधिसूचना से मिली है। इसमें कहा गया है कि तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराईदेव और शिवसागर जिले अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र की श्रेणी में रहेंगे। अधिसूचना में कहा गया है, हालांकि, पड़ोसी देश बांग्लादेश में हाल की अशांति और आंतरिक कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर इसके संभावित प्रतिकूल प्रभाव के कारण असम सरकार सिफारिश करती है कि सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 को अगले छह महीनों के लिए बरकरार रखा जा सकता है।

### खेत में ट्रैक्टर चलाने को लेकर हुई बहस के बाद दो भाइयों की हत्या

एजेंसी

उप्रः आगरा में मंगलवार को एक परिवार के कुछ सदस्यों के बीच संयुक्त स्वामित्व वाले खेत में ट्रैक्टर चलाने को लेकर हुई बहस मारपीट में बदल गई जिसमें दो भाइयों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रघुवीर और सत्यपाल के रूप में हुई है। खंडोली पुलिस थाने के प्रभारी राकेश चौहान ने बताया, यह घटना पुरा लोधी गांव में उस समय घटी जब रघुवीर सिंह का बेटा अपने पिता और चाचाओं के संयुक्त खेत में ट्रैक्टर चला रहा था।

# सीओ जिया उल हक की पीट-पीटकर हत्या मामले में आया बड़ा फैसला

### 10 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

एजेंसी



नई दिल्ली, जिया उल हक हत्याकांड में सजा का ऐलान कर दिया गया है। सभी 10 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। लखनऊ की सीबीआई अदालत ने दोषियों की सजा का ऐलान किया। 2 मार्च 2013 को सीओ कुंडा जिया उल हक की हत्या हुई थी। उन्हें लाठी, डंडों से पीटकर और गोली से मारकर हत्या हुई थी। फूलचंद यादव, पवन यादव, बलजीत यादव, घनश्याम, सरोज, रामलखन गौतम, छोटेलाल यादव समेत सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई की तरफ से 10 लोगों को इस केस में आरोपी बनाया गया था। इसके साथ ही कोर्ट की तरफ से सभी दोषियों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। ये भी कहा गया है कि जुमार्ने की 50 प्रतिशत राशि जिया उल हक की पत्नी को दिया जाए। इसके साथ ही इस मामले में पहले ही ग्राम प्रधान गुलशन यादव और राजा भैया को पहले ही क्लिन चिट मिल चुकी थी।

2 मार्च, 2013 की रात को वह बालीपुर पहुंचे जहां ग्राम प्रधान नन्हे सिंह यादव की हत्या के बाद उनके कई समर्थक हथियारों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। हत्या की वजह कुछ दुकानों के मालिकाना हक को लेकर विवाद था. कामता पटेल को मुख्य संदिग्ध माना जा रहा था और यादव के समर्थकों ने उसके घर की घेराबंदी कर दी थी। तनाव को भांपते हुए डीएसपी ने वैकल्पिक रास्ते से गांव तक पहुंचने का ध्यान रखा। जैसे ही वह पटेल के घर की ओर बढ़ा, उसे भीड़ ने घेर लिया और पीट-पीट कर मार डाला। उसे लाठी-डंडे से पीटा और तीन गोली मारी।

जबकि उसके साथ आए तीन पुलिसकर्मी भाग गए, जिस बैकअप के लिए बुलाया गया था वह समय पर नहीं पहुंचा। आक्रोश में नन्हे के भाई सुरेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद सिपाही की पत्नी परवीन आजाद ने तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री रघुराज प्रताप सिंह पर हत्या में हाथ होने का आरोप लगाया था। पटेल और यादव दोनों सिंह के समर्थक थे। सिंह ने तब कहा था कि यह आरोप एक आहत विधवा की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी और उन्होंने कई मौकों पर दोनों के बीच विवादों को सुलझाने की कोशिश की थी। जबकि सिंह का नाम आजाद द्वारा दायर पहली एफआईआर में था, लेकिन सीबीआई को उनके खिलाफ सबूत नहीं मिला। सीबीआई ने इस मामले के पीछे संभावित बड़ी साजिश का भी संकेत दिया था।

# राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए 15,000 करोड़ रुपये देगा विश्व बैंकः नायडू

एजेंसी

नई दिल्ली, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि विश्व बैंक राजधानी अमरावती के निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15,000 करोड़ रुपये का कर्ज देने पर सहमत हुआ है। परियोजना पर काम दिसंबर से शुरू होगा। नायडू ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र ने पोलावरम परियोजना के निर्माण कार्यों के लिए 12,500 करोड़ रुपये जारी करने पर सहमति जतायी है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. राज्य में 85,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक रिफाइनरी स्थापित करेगी। कंपनी वर्तमान में स्थान का चयन करने के लिए व्यवहार्यता अध्ययन कर रही है। नायडू ने कहा, विश्व बैंक अमरावती राजधानी के पहले चरण के निर्माण कार्यों के लिए 15,000 करोड़ रुपये देने पर सहमत हुआ है। इसपर दिसंबर में काम शुरू हो जायेगा। इस पर समयबद्ध तरीके से काम होगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

# हमें उम्मीद कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेंगेः उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

नई दिल्ली, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर उल्लेखनीय कार्य करेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष ने पीटीआई-वीडियो सेवा से कहा, ह्लकेंद्र शासित प्रदेश के तौर पर कुछ चीजें की जा सकती हैं और कुछ चीजें नहीं की जा सकतीं लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि जम्मू-कश्मीर हमेशा के लिए केंद्र शासित प्रदेश नहीं रहेगा। हम उम्मीद करते हैं कि माननीय प्रधानमंत्री सम्मानजनक काम करेंगे और जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाएंगे और फिर हमारे घोषणापत्र के बाकी हिस्से को लागू किया जाएगा।ह्व जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में नेकां-कांग्रेस



गठबंधन को जीत की ओर ले जाने वाले अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, ह्लप्रधानमंत्री, गृह मंत्री सभी सम्माननीय व्यक्ति हैं। संसद में अपने भाषणों और उच्चतम न्यायालय में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से उन्होंने राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है। इसलिए मेरा मानना ??है कि यह जल्द से जल्द होना चाहिए। और फिर जाहिर है कि हमारी प्राथमिकताएं वहीं से आगे बढ़ेंगी। अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार केंद्र के साथ शत्रुतापूर्ण संबंध रखने का जोखिम नहीं उठा सकती। उन्होंने कहा, एक बार नयी सरकार बन जाने के बाद फिर चाहे जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री कोई भी हो, मैं उम्मीद करता हूं कि वह प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और अन्य नेताओं से मिलने के लिए दिल्ली जाएंगे और उन्हें यह समझाएंगे कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का जनादेश राज्य का दर्जा बहाल करने, विकास और शांति के लिए है और मुख्यमंत्री कोई भी हो, मुझे उम्मीद है कि वे भारत सरकार के साथ अच्छे कामकाजी संबंध स्थापित करने में सक्षम होंगे।

# हरियाणा में हार पर राहुल गांधी ने तोड़ी चुप्पी

## कहा- संघर्ष जारी रखेंगे, जम्मू-कश्मीर की जनता का जताया आभार

एजेंसी

नई दिल्ली, हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार पर राहुल गांधी ने बुधवार को चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने जीत के लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी धन्यवाद दिया। राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया - प्रदेश में INDIA की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। कांग्रेस नेता ने कहा कि हक



का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज बुलंद करते रहेंगे। भाजपा) ने मंगलवार को हरियाणा में कांग्रेस की उम्मीदों को तोड़ते हुए और 10 साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को बेअसर करते हुए शानदार जीत हासिल की और सत्ता की हैट्रिक लगाई। वहीं, जम्मू-कश्मीर में 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने बाद पहली बार कराए गए विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की निर्णायक जीत का श्रेय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया। इस जीत से आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का उत्साह बढ़ा है जहां वह अपने दो सहयोगियों के साथ कठिन लड़ाई के लिए तैयार है। साथ ही पार्टी का आगामी झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए भी मनोबल बढ़ा है। भाजपा के साथ-साथ नेकां-कांग्रेस गठबंधन को क्रमशः हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत मिला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज छह महीने पहले मनोहर लाल खट्टर को अप्रत्याशित रूप से हटाकर मुख्यमंत्री बनाए गए 54 वर्षीय नायब सिंह सैनी के अपने पद पर बने रहने की संभावना है, वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने घोषणा की है कि उनके बेटे और पार्टी नेता उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री होंगे।

सम्पादकीय

## विस चुनावों के जनादेश में सबके लिए संदेश

दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे में जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। त्रिशंकु मैंडेट की संभावना नहीं बनने दी। करीब दस वर्ष बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए, यहां जनता ने नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिया, तो हरियाणा ने सभी चुनावी पंडितों को चौंकाया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा ने अपनी स्थापना के 58 साल में पहली बार इतिहास रचा, जिसमें किसी पार्टी को लगातार तीसरी बार जनादेश मिला। यहां भाजपा ने सत्ता की हैट्रिक लगाकर एंटीइन्कम्बेंसी के फैक्टर को धराशायी कर दिया। लगातार तीन बार सत्ता हासिल करने वाली भाजपा प्रदेश की पहली पार्टी बन गई है। बड़ी बात है कि वर्ष 2014 की मोदी लहर के दौर से भी अधिक सीट भाजपा को वर्ष 2024 में मिली। वर्ष 2014 में भाजपा ने 47 सीट के साथ पूर्ण बहुमत हासिल किया था, तो इस बार 48 सीट लेकर बहुमत प्राप्त किया है। दोनों ही राज्यों के एग्जिट पोल झूठे साबित हुए। एग्जिट पोल जहां जम्मू-कश्मीर में त्रिशंकु विधानसभा का दावा कर रहा था, वहीं हरियाणा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत का आंकड़ा दिखा रहा था। जम्मू-कश्मीर में जनता ने जहां अलगाववादी ताकतों के हिमायती दलों को नकार दिया है, वहीं विकासवादी व शांति के हिमायती दलों को मौका दिया है। संविधान के अनुच्छेद-370 के अधिकांश प्रावधान के हटने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था, इसमें भाजपा को जम्मू रीजन में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फारूक अब्दुल्ला की पार्टी जेके नेशनल कान्फ्रेंस के गठबंधन को कश्मीर रीजन के अलावा जम्मू रीजन में भी सफलता मिली। इस सीमाई राज्य में हो सकता है आने वाले वक्त में नेशनल कान्फ्रेंस व भाजपा की करीबी बढ़े, वह इसलिए कि पूर्ण राज्य नहीं होने से केंद्र व राज्य शासन के बीच टकराव की स्थिति न बने। इस चुनाव नतीजे में भाजपा के लिए सबक है कि वह यहां पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने में देर न करे। हरियाणा में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने मनमाफिक बिसात बिछाई थी, वे कांग्रेस की जीत के प्रति आश्वस्त थे, लेकिन हुड्डा एक बार फिर हरियाणा में भाजपा के चक्रव्यूह को नहीं भेद सके। वर्ष 2014 में हुड्डा ने भाजपा के हाथों सत्ता गंवाई थी, वर्ष 2019 में उनके चुनावी नेतृत्व में कांग्रेस 31 का आंकड़ा ही छू सकी थी और इस बार पूरी ताकत लगाने के बावजूद वे कांग्रेस को केवल 37 सीट दिलाने में ही कामयाब रहे, सत्ता इस बार भी उनसे दूर छिटक गई। अग्निवीर, पहलवान, किसान और रेवड़ी घोषणा पत्र कांग्रेस के काम नहीं आए। अब हरियाणा में कांग्रेस को नेता, नीति और नीयत तीनों ही मोर्चे पर काम करना होगा। भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कंधे पर कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई है। हरियाणा को लेकर राहुल गांधी को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे कांग्रेस के जातिगत समीकरण भी फेल हो गए। भाजपा ने कम अनुभवी नए नवेले नायब सैनी के चेहरे के साथ कमाल का प्रदर्शन किया। भाजपा टीम की तरह एकजुट होकर लड़ी, संघ का पूरा साथ मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता ने समां बनाने में मदद की। भाजपा की यह जीत उसके दस वर्ष के कामकाज की भी विजय है। जनता ने एक बार फिर से भरोसा जता कर भाजपा की हरियाणा के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ा दिया है। इस जीत का संदेश महाराष्ट्र, झारखंड तक जाएगा, दिल्ली प्रदेश के विस चुनाव पर भी असर पड़ेगा। दोनों चुनावों में लोकतंत्र ने अपनी ताकत दिखाई है।

# हरियाणा-कश्मीर के नतीजे के बड़े मायने




विधानसभा चुनाव

उमेश चतुर्वेदी

**हरियाणा को लेकर मीडिया और एग्जिट पोल ने ऐसा माहौल रचा, मानो बीजेपी वहां आखिरी सांसें गिन रही हो। किसी भी एग्जिट पोल ने बीजेपी को 25 से ज्यादा सीटें जीतते नहीं दिखाया। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट रही। 2019 में बहुमत के लिए तरसती रही बीजेपी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ दमदार तरीके से लौटी है। हरियाणा की जीत से बीजेपी जहां उत्साहित रहेगी, वहीं जम्मू-कश्मीर में बहुमत न हासिल कर पाने के चलते भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर रहेगी। बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई।**

जम्मू और कश्मीर राज्य एवं राम मंदिर में क्या कोई समानता हो सकती है? मोटे तौर पर देखें तो इनमें कोई समानता नहीं हो सकती। लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी के संदर्भ में दोनों को ही देखें तो समानता नजर आती है। राममंदिर और जम्मू-कश्मीर, भारतीय जनता पार्टी के कोर मुद्दे रहे हैं। लेकिन चुनावी मोर्चे पर दोनों ही मुद्दे कम से कम स्थानीय स्तर पर भाजपा को निराश ही करते रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद 370 और कैबिनेट के प्रस्ताव 35 ए की वजह से जम्मू-कश्मीर की स्थिति देश के अन्य राज्यों से अलग रही है। यह अलग स्थिति ही वहां के अलगाववाद की नासूर का कारण मानी जाती रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके एक तरह से इस नासूर को ही खत्म कर दिया। ऐसे में इसका चुनावी श्रेय भारतीय जनता पार्टी को मिलने की उम्मीद होना स्वाभाविक है। लेकिन विधानसभा चुनाव नतीजों ने पार्टी को निराश ही किया है। यहां पर राममंदिर आंदोलन और उस बीच हुए उत्तर प्रदेश के चुनावों की याद आना स्वाभाविक है।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद अव्वल तो होना चाहिए था कि आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को अपने दम पर भारी जीत मिलती। लेकिन 1993 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर भले ही उभरी, लेकिन वह बहुमत से दूर रही। जनवरी 2024 में अयोध्या में भव्य राममंदिर बनकर तैयार हो गया। देश और दुनिया में राममंदिर को लेकर अलग तरह का उत्साह देखा गया। पांच सौ वर्षों के संघर्ष का अंत हुआ। इस संघर्ष की अगुआ भारतीय जनता पार्टी ही रही। इसलिए इस संघर्ष का उसे चुनावों में फायदा मिलना चाहिए था। लेकिन उलटबांसी देखिए कि कुछ ही महीनों बाद हुए लोकसभा चुनावों में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट भारतीय जनता पार्टी हार गई। इस कड़ी में कोर मुद्दे से जुड़े इलाके जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को चुनावी बढ़त ना मिलना, पार्टी के लिए तीसरा झटका कहा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में जिस नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है, उसका चुनावी वादा है कि राज्य की पुरानी स्थिति बहाल करेंगे यानी अनुच्छेद 370 को फिर से प्रभावी बनाएंगे। यह बात और है कि इस महत्वपूर्ण अनुच्छेद की बहाली जम्मू-कश्मीर की आधी-अधूरी विधानसभा के वश की बात नहीं है। लेकिन इस जीत के जरिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस नैतिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाने की कोशिश तो जरूर ही करेंगी। वैसे भी भारत की राजनीति आज जिस मुकाम पर है, उसमें राजनीतिक दलों को सिर्फ अपने सियासी स्वार्थ और फायदे की चिंता है। उनकी प्राथमिकता में राष्ट्र बाद में आता है। वैसे जम्मू-कश्मीर में बीजेपी की हालत बहुत खराब भी नहीं कही जा सकती। लेकिन हरियाणा में जिस तरह उसने धमाकेदार जीत दर्ज की है, उससे राजनीतिक विश्लेषक चकित हैं। बीजेपी विरोधी आख्यान रचने वाला वर्ग तो इसके पीछे ईवीएम की साजिश पर चर्चा करने की तैयारी में है। हालांकि कांग्रेस के सिपहसालार बने चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने इसे नकार दिया है। उनका कहना है कि कांग्रेस को सोचना होगा कि उसकी रणनीति में कहां चूक हो रही है। हरियाणा को लेकर मीडिया और एग्जिट पोल ने ऐसा माहौल रचा, मानो



बीजेपी वहां आखिरी सांसें गिन रही हो। किसी भी एग्जिट पोल ने बीजेपी को 25 से ज्यादा सीटें जीतते नहीं दिखाया। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट रही। 2019 में बहुमत के लिए तरसती रही बीजेपी इस बार पूर्ण बहुमत के साथ दमदार तरीके से लौटी है।

दरअसल कांग्रेस की पूरी राजनीति राज्य के मुखर और दबंग जाट समुदाय के इर्द-गिर्द ही घूमती रही। राज्य में जाट समुदाय की आबादी करीब 23 फीसद है। भूपिंदर सिंह हुड्डा की अगुआई में कांग्रेस ने राज्य में 28 जाटों को उम्मीदवार बनाया, बल्कि सत्ता विरोधी आख्यान का शिकार रही बीजेपी ने महज सोलह जाट उम्मीदवार ही उतारे। उसने राज्य के 35 फीसद ओबीसी समुदाय और अपने पारंपरिक वोटर ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी और यादव वोटरों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। कांग्रेस को उम्मीद थी कि जाट और करीब 21 फीसद वाले दलित वोटरों का उसे समर्थन मिलेगा। लेकिन वह यहां पर चूक गई। किस समुदाय का किस पार्टी को कितना वोट मिला, इसका सटीक विश्लेषण तो बाद में होगा। लेकिन मोटे तौर पर लगता है कि जमीनी स्तर पर संघ और बीजेपी के कार्यकर्ताओं की मेहनत के साथ ही ओबीसी समुदाय के बड़े हिस्से के साथ ने पार्टी की राह आसान कर दी। हरियाणा की जीत से बीजेपी जहां उत्साहित रहेगी, वहीं जम्मू-कश्मीर में बहुमत न हासिल कर पाने के चलते भारत विरोधी ताकतों के निशाने पर रहेगी।

ये ताकतें यह नैरेटिव स्थापित करने की कोशिश करेंगी कि जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति उसकी अवाम को ही स्वीकार्य नहीं है। इस बहाने घूम-फिरकर उसी तर्क को बढ़ावा दिया जाएगा, जो पाकिस्तान देता रहा है। जिसकी वकालत नेशनल कांफ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी जैसे दल भी करते रहे हैं। पाकिस्तान कश्मीर को लेकर जनमत संग्रह की बात करता रहा है तो नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी प्रकारांतर से पाकिस्तानी मंशा को ही आगे बढ़ाते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में भाजपा की चुनावी जीत न मिलने के बाद वे फिर भाजपा के नजरिए को गलत साबित करने की कोशिश करेंगे। जिस घाटी में पत्थरबाजी रुक गई, जहां आतंकी घटनाओं पर लगाम लगी, जहां ढाई दशक से पहले की तरह पर्यटकों की आमद बढ़ी, जहां अमन बढ़ा, वहां के लोग खुलकर कहते रहे कि उन्हें हिंदू राज नहीं चाहिए। नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार की वजह से उन्हें ये सारी सहूलियतें मिलीं, राज्य में बदलाव आया।

विकास की नई बयार बही। घाटी के लोगों को न तो नरेंद्र मोदी पसंद हैं और न ही भारतीय जनता पार्टी। फिर कश्मीर घाटी में नवगठित विधानसभा की 47 सीटें आती हैं, जबकि जम्मू इलाके में 43 सीटें हैं। घाटी की सीटों पर भाजपा की चुनावी संभावनाओं की कोई उम्मीद भी नहीं लगाए हुए था। चुनावी अभियान के दौरान वोटरों के जो विचार सामने आ रहे थे, उससे ऐसे ही चुनाव नतीजों की उम्मीद थी। वैसे भी घाटी की 28 सीटों पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार भी नहीं दिए थे। जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय का आंदोलन जिस प्रजा मंडल ने चलाया, उसका आधार जम्मू इलाके में ही रहा। वह एक तरह से भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ का ही हिस्सा था। देश मान कर चल रहा था कि जम्मू इलाके की 43 सीटों में ज्यादातर पर बीजेपी की जीत होगी। लेकिन वहां बीजेपी 29 सीटें ही जीत पाई। जाहिर है कि 14 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। वैसे बीजेपी का एक धड़ा मान रहा है कि पार्टी की आपसी गुटबाजी और गलत टिकट बंटवारा पार्टी की सफलता की राह में बाधा बन गया। वैसे पार्टी के लिए संतोष की बात यह भी है कि घाटी की कई सीटों पर उसके उम्मीदवार हजार-दो हजार वोटों के ही अंतर से हारे हैं...फिर भी बीजेपी को सोचना होगा कि आखिर उससे चूक कहां हुई कि अपने गढ़ में वह शत-प्रतिशत सफलता हासिल क्यों नहीं कर पाई।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

स्वास्थ्य

डॉ. सत्यवान सौरभ



## एंटीबायोटिक प्रतिरोध 21वीं सदी का महामारी खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वैश्विक स्वास्थ्य के लिए शीर्ष 10 खतरों को जारी किया, जिनमें से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एआर) का बहुत बड़ा योगदान है। यह तपेदिक दवा प्रतिरोधी सूक्ष्म जीव के कारण हर साल 1.6 मिलियन मौतों के साथ है। एनवायरनमेंट इंटरनेशनल जर्नल द्वारा 'उच्च आर्कटिक मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र में एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीन के चालकों को समझना' अध्ययन से पता चलता है कि कुल 131 एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी जीन (एआरजी) सामग्री का पता चला था, जिनमें से ब्लेन्डम -1 जीन, जो पहली बार 2008 में भारत में सतही जल में पाया गया था, केवल 11 वर्षों में आर्कटिक में फैल गया है। यह दर्शाता है कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध 21वीं सदी का एक नया महामारी खतरा है। यह अब एक स्थानीय समस्या नहीं है और इसे वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में देखा जाना चाहिए। 'एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बेंचमार्क' नामक एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सालाना एआर बैक्टीरिया के कारण दुनियाभर में 700,000 मौतें होती हैं। भारत में एंटीबायोटिक की खपत में वृद्धि देखी गई है - 2000 की तुलना में 2015 में लगभग 65 प्रतिशत, जबकि इसी अवधि में खपत की दर 3.2 से बढ़कर 6.5 बिलियन दैनिक निर्धारित खुराक (डीडीडी) हो गई है। जैविक और सामाजिक दोनों कारणों से सूक्ष्मजीव दवाओं के प्रति प्रतिरोधी बन सकते हैं। जैसे ही वैज्ञानिक कोई नई रोगाणुरोधी दवा पेश करते हैं, इस बात की अच्छी संभावना होती है कि वह किसी समय पर अप्रभावी हो जाएगी। यह मुख्य रूप से सूक्ष्मजीवों के भीतर होने वाले परिवर्तनों के कारण होता है। कुछ दवाओं के उपयोग के लिए सिफारिशों का पालन न करने से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का जोखिम बढ़ सकता है। डॉक्टर कभी-कभी रोगाणुरोधी दवाएं लिखते हैं, या वे व्यापक स्पेक्ट्रम रोगाणुरोधी दवाएं लिखते हैं जब कोई विशिष्ट दवा अधिक उपयुक्त होती है। इन दवाओं का इस तरह से उपयोग करने से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध का जोखिम बढ़ जाता है। यदि कोई व्यक्ति रोगाणुरोधी दवाओं का कोर्स पूरा नहीं करता है, तो कुछ रोगाणु जीवित रह सकते हैं और दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, लोग कभी-कभी वायरल संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक लेते हैं। इसके अलावा नीम-हकीमों या फार्मासिस्ट द्वारा सुझाए गए एंटीबायोटिक भी इस मुद्दे को बढ़ाने में योगदान करते हैं। खेत के जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग दवा प्रतिरोध को बढ़ावा दे सकता है। वैज्ञानिकों ने मांस और खाद्य फसलों में दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया पाए हैं जो उर्वरकों या दूषित पानी के संपर्क में आते हैं। इस तरह से, जानवरों को प्रभावित करने वाली बीमारियाँ इंसानों में फैल सकती हैं। जो लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं, उन्हें अक्सर रोगाणुरोधी दवाओं की उच्च खुराक दी जाती है। यह एएमआर सूक्ष्मजीवों के प्रसार को बढ़ावा देता है, विशेष रूप से ऐसे वातावरण में जहां विभिन्न बीमारियां मौजूद हैं। एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग और अति प्रयोग के साथ-साथ संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण में कमी के कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध में तेज़ी आती है। प्रतिरोध के प्रभाव को कम करने और इसके प्रसार को सीमित करने के लिए समाज के सभी स्तरों पर कदम उठाए जा सकते हैं। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए, व्यक्तियों को केवल प्रमाणित स्वास्थ्य पेशेवर द्वारा निर्धारित किए जाने पर ही एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना चाहिए।

कभी भी बची हुई एंटीबायोटिक्स को उपयोग न करें। एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए, स्वास्थ्य उद्योग को नए एंटीबायोटिक्स, टीके, निदान और अन्य उपकरणों के अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए। कृषि क्षेत्र को केवल पशु चिकित्सा पर्यवेक्षण के तहत पशुओं को एंटीबायोटिक्स देना चाहिए। विकास को बढ़ावा देने या स्वस्थ पशुओं में बीमारियों को रोकने के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग न करें। मानव, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के नज़रिए से रोगाणुरोधी प्रतिरोध को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता है। सभी देशों को मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण के बीच एआरजी और एंटीबायोटिक दवाओं के प्रसार को सीमित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। हालांकि अधिकांश देशों द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजनाएं बनाई गई हैं, लेकिन ये योजनाएं अभी भी कागज़ से ज़मीन पर नहीं उतर पाई हैं क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का स्वतंत्र रूप से उपयोग जारी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव धर्म ही सर्वोपरि






संकलित

दर्शन

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा: महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है: आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई: महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा: ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला: हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा: तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा: मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा: क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## जब मन अशांत हो तो अपने इष्टदेव का ध्यान करें





संकलित

प्रेरणा

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## अंतर्मन

हरियाणा में फेल हुए एग्जिट पोल के नतीजे एकदम उल्ट आए परिणाम




### आज की पाती

**मनुष्य जन्म का महत्त्व समझें**

श्रीरामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है कि 'बड़े भाग मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा। साधन धाम मोच्छ कर द्वारास पाइ न जेहिं परलोक संवारा॥' अर्थात हमें मनुष्य का तन मिलना हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यह तन देवताओं के लिए भी दुर्लभ होता है। मनुष्य तन से ही हम मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। हमें जो अपने अच्छे कर्मों से मनुष्य का जीवन सौभाग्य से मिला है, इसका हमें उचित प्रयोग करना चाहिए, अनुचित काम करके इस मनुष्य जीवन को नष्ट नहीं करना चाहिए। भगवान के दिए अनमोल इनसानी जीवन को आत्महत्या द्वारा समाप्त करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को नैतिकता और हर मुसीबत का सामना करने का सबक पढ़ाएं, ताकि बच्चे जिंदगी में कभी कोई गलत राह न चुनें। मनुष्य जन्म का महत्त्व समझा जाना चाहिए। – *महेश जैन, दुर्ग*

## करंट अफेयर


### फ्रांस ने लादेन के बेटे का प्रवेश रोकने के लिए उठाए कदम



फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में रह रहा था लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया। मंत्रालय ने कहा कि उस समय अधिकारियों ने उसके दो साल के लिए फ्रांस लौटने पर भी पाबंदी लगाई। फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रेतेलियू ने 'एक्स' पर मंगलवार को कहा कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया कि उमर बिन लादेन 'किसी भी कारण से फ्रांस वापस नहीं लौट सके।' फ्रांसीसी अखबार ली पेरिसियन ने खबर प्रकाशित की कि उमर बिन लादेन अब कतर में रहता है।अखबार ने कहा कि वह 2016 से नॉरमैंडी के ओर्ने क्षेत्र में अपनी ब्रिटिश पत्नी के साथ रह रहा था और एक कलाकार के रूप में काम कर रहा था। अखबार ने लिखा कि पिछले हफ्ते वह फ्रांस वापसी पर लगे प्रतिबंध को खत्म करने के लिए कानूनी लड़ाई हार गया।

## ऑफ बीट

### रात में आपकी अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है।

## ट्रेंड

### पासवान को श्रद्धांजलि



मैं अपने बहुत प्रिय मित्र और भारत के बड़े नेताओं में से एक रामविलास पासवान को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने इतने वर्षों तक उनके साथ करीब से काम किया। मुझे कई मुद्दों पर उनकी अंतर्दृष्टि बहुत याद आती है।

-**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हरियाणा में जीत पर बधाई



हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व मतदाताओं को हार्दिक बधाई! 'विकसित हरियाणा-विकसित भारत' की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों की जीत है।

-**योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### कमलनयन को मेरी संवेदनाएं




मुंबई में कमलनयन बजाज हॉल की निदेशक सुनैना केजरीवाल का 53 वर्ष की उम्र में निधन ! एक अद्भुत व्यक्तित्व जिसका जीवन कैंसर ने छीन लिया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं !

-**किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### अपने दिल से किया



तस्वीरें या वीडियो होने से पहले हम लोगों को कैसे याद करते थे? सामाजिक दबावों और धार्मिक प्रयासों के बिना हमने उन्हें कैसे दुःखी किया? हमने इसे अपने दिल से किया। -**काजोल, अभिनेत्री**






# अनिल कपूर ने किया जांबाजों को सलाम...

**मुंबई।** अभिनेता अनिल कपूर ने अपनी फिल्म 'फाइटर' के लुक को शेयर कर भारतीय वायुसेना दिवस पर सभी सैनिकों को बधाई दी है। उन्होंने जवानों को सलाम करते हुए उनके जज्बे को याद किया है। उसकी फिल्म 'फाइटर' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कलेक्शन किया था। फिल्म में उन्होंने ग्रुप कैप्टन राकेश जयसिंह उर्फ रॉकी की भूमिका निभाई थी। अनिल कुमार ने इस फिल्म की शूटिंग के दौरान एयर बेस कैम्प में काफी समय बिताया था। अपने इसी अनुभव को उन्होंने आज खास मौके पर साझा किया है। उन्होंने भारतीय वायुसेना दिवस पर पर कहा, 'मेरा सभी रियल हीरो को दिल से सलाम।

लाइफ Style



# आलिया
## 'इंशाअल्लाह' के बंद होने पर खूब रोई थीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ सालों पहले फिल्म 'इंशाअल्लाह' में अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता सलमान खान को साथ में देखा गया था। इस फिल्म को संजय लीला भंसाली ने बनाया था। हालांकि, इस फिल्म को बंद कर दिया गया था, जिससे प्रशंसकों का दिल टूट गया था।

संजय लीला भंसाली ने अपनी इसी फिल्म को लेकर अब कुछ और बातें कही हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के बंद होने पर कैसे आलिया ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया था। वह फिल्म के बंद होने पर बुरी तरह टूट गई थीं। संजय लीला भंसाली ने बताया कि जब वह आलिया भट्ट के साथ 'इंशाअल्लाह' के लिए काम कर रहे थे और अचानक यह फिल्म बंद हो गई। फिल्म निर्माता ने कहा, 'वह टूट गई, वह फूट-फूट कर रोने लगी थीं, उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया था'। संजय लीला भंसाली ने एक हफ्ते बाद आलिया को फोन किया और कहा कि वह उनकी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में मुख्य महिला की भूमिका निभाने जा रही हैं। इस पर आलिया को संदेह हो गया था कि वह ये किरदार निभा भी सकती हैं या नहीं। अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही अपनी आगामी फिल्म 'लव एंड वार' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी दिखाई देंगे। संजय लीला भंसाली ने बातचीत के दौरान बताया कि इस फिल्म में वह अपना सबसे अच्छा काम देना चाहते हैं। फिल्म 'लव एंड वार' साल 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

हॉलीवुड मसाला



# अपने लुक्स के कारण विवादों में

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड रैपर कार्डी बी को इन दिनों अपने लुक्स को लेकर काफी विवादों का सामना करना पड़ रहा है। लोग लगातार उनके लुक्स को लेकर चर्चा कर रहे थे। इस पर अब कार्डी बी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कार्डी ने जवाब देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है।कार्डी ने लिखा, 'आप सभी को आराम करने की जरूरत है। ये मेरा शरीर है भले ही जैसा भी दिखता है'। मैं चाहती हूं कि आप सभी अपने दिमाग से सोचें।




# 'जोकर 2' के नाम दर्ज हुआ सबसे खराब रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स की म्यूजिकल साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'जोकरः फोली ए डेक्स'या 'जोकर 2' के नाम एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बन गया है, जिसे कोई भी निर्माता नहीं चाहेगा। जहां एक तरफ 'जोकर 2' से निर्माताओं को काफी उम्मीद थी, वहीं, इसके बिल्कुल उलट फिल्म इसमें शामिल प्रतिभाओं के लिए एक बुरा सपना साबित हो रही है। यह बॉक्स ऑफिस पर बहुत ही बुरी स्थिति की ओर बढ़ रही है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले वीकेंड पर 40 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया है, जो इसके पहले भाग की कमाई के आधे से भी कम है। फिल्म को आलोचकों और दर्शकों दोनों से ही भयानक समीक्षा मिल रही है। फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट रही है।



# मलाइका कहने पर भड़कीं मल्लिका

**मुंबई।** बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री मल्लिका शेरावत विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से बॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पैपराजी से कुछ ज्यादा ही नाराज दिखीं। दरअसल, पैपराजी ने उनके नाम की जगह मलाइका कहा, जिसके बाद मल्लिका को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने बिना किसी देरी के पैपराजी के कान खींचे। अपनी बोल्ड और बिंदास इमेज से सभी के दिलों की मलिका बन चकीं बॉलीवड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत अपनी कमबैक फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद मल्लिका के प्रशंसक उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज से पहले मल्लिका मुंबई वापस आ गई हैं।



# दीपिका की आवाज के फैन हो गए थे भंसाली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक संजय लीला भंसाली जब भी कोई फिल्म बनाते हैं तो वह फिल्म लार्जर दैन लाइफ ही होती है। उनकी फिल्में अपनी भव्यता के लिए मशहूर हैं। अब हाल ही में, फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण से पहली बार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि जब वह दीपिका पादुकोण के घर गए और जब दीपिका ने उनके लिए दरवाजा खोला तो वह चौंक गए थे। उन्होंने कहा कि वह दीपिका की खूबसूरती के साथ-साथ उनकी आवाज के भी फैन हो गए थे। भंसाली ने आगे कहा, "मैं दीपिका की खूबसूरती, उनकी आंखों को देखकर दंग रह गया, जब मुझे एहसास हुआ कि उनमें कितनी मासूमियत, कितनी नाजुकता, कितनी सुंदरता है। तभी उन्होंने बात करना शुरू किया।

टीवी मसाला

# आमिर ने सुनाया 'बिग बी' के जन्म के समय का रोचक किस्सा

**नई दिल्ली।** आमिर खान केबीसी के सेट पर अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर खास एपिसोड के लिए पहुंचे। इस एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो लगातार शेयर किए जा रहे हैं। ऐसे ही एक प्रोमो वीडियो में आमिर खान बिग बी से पूछते नजर आते हैं कि आपको अपने जन्म के समय से जुड़ा कुछ याद है। इसके बाद आमिर खान ने हरिवंश राय बच्चन की लिखी कुछ पंक्तियां सुनाई जो बिग बी के जन्म के समय उन्होंने लिखी थीं। तेजी ने जगा के मुझे कहा कि उनके पेट में पीड़ा आरंभ हो गई। ब्रह्म मुहूर्त था, सपना इतना स्पष्ट था और मैं उससे इतना अभिभूत था कि मैं उसे तेजी से बताए बिना न रह सका। तुम्हारा लड़का ही होगा और उसके रूप में मेरे पिता जी की आत्मा आ रही है'। आमिर खान ने इस शो में अमिताभ बच्चन से कई सारी हंसी मजाक की बातें कही हैं। आमिर ने कहा कि पिछली बार आमिर खान को अमिताभ बच्चन ने डांट लगाई थी। आमिर ने कहा, 'इस शो में पिछली बार जब मैंने जावेद साहब को फोन किया। उन्होंने कहा कि उत्तर इसमें से एक हैं। सर ने बोला श्योर न हों तो उत्तर न दें। इसके बाद जैसे ही कट हुआ तो सर ने मुझे ऐसी डांट लगाई कि क्या कर रहे तो तुम अगर उत्तर गलत निकलता तो...'।



## करणवीर ने श्रुतिका को पति के नाम पर छेड़ा



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 में दोस्ती और दुश्मनी का खेल शुरू हो चुका है। श्रुतिका अर्जुन और करणवीर मेहरा लोगों को फनी लग रहे हैं। वहीं रजत दलाल का भी अलग रूप सामने आया है। बिग बॉस 18 में घरवालों के बीच जान-पहचान बढ़ने के साथ चुहलबाजियां शुरू हो चुकी हैं। बिग बॉस तक पर एक क्लिप वायरल है। इसमें करणवीर एक्सरसाइज करते वक्त श्रुतिका से बोलते हैं, अर्जुन क्या कर रहा होगा, सोचो। श्रुतिका आंखें बंद कर लेती हैं। करण आगे बोलते हैं, तुम्हें देख पा रहे हैं लेकिन तुम नहीं देख पा रहीं उसको। श्रुतिका चिढ़कर करण को मारती हैं और बोलती हैं, ऐसा मत करो करण। फिर कहती हैं, कुछ भी कर रहा होगा लेकिन किसी और लड़की से चैट करेगा ना...करण बीच में बोलते हैं, अब कहां चैट करेगा। अब वो सीधा बैंकॉक जाएगा। श्रुतिका अर्जुन से बोलती हैं, मेरे दिमाग में गलत-गलत ख्याल आ रहे हैं। एक और क्लिप में श्रुतिका रजत दलाल से बात कर रही होती हैं।



# 19 साल पहले आई ये फिल्म हुई थी सुपर फ्लॉप, मेकर्स को रुलाए थे खून के आंसू

**नई दिल्ली।** फिल्म फ्लॉप होने के चलते कई प्रोड्यूसर्स के घर बिक जाते हैं। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन भी बतौर फिल्म प्रोड्यूसर फ्लॉप होने के बाद सड़क पर आ गए थे. फिल्मों की दुनिया में साल दर साल कई फिल्में रिलीज होती हैं, जिसमें से कुछ बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करती हैं, तो कुछ एवरेज और फ्लॉप साबित होती हैं। इनमें से कुछ ऐसी भी फिल्में होती हैं, जो अपनी लागत भी नहीं निकाल पाती हैं। वहीं, दुनिया की सबसे बड़ी डिजास्टर फिल्मों में से एक इस फिल्म ने मेकर्स को खून के आंसू रूलाए थे।आइए जानते हैं कौन सी है फ्लॉप फिल्म, जिसने मेकर्स का सारा पैसा डुबो दिया था।

### फिल्म फ्लॉप होने से टूटे मेकर्स

दरअसल, हम बात कर रहे हैं साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'सहारा' की, जो दुनिया की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक है। फिल्म में बड़ी-बड़ी कास्टिंग हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका जादू नहीं चला। इस फिल्म के फ्लॉप होने से मेकर्स का सारा पैसा डूब गया। फिल्म 'सहारा' के फ्लॉप होने से इसके मेकर्स को $144,857,030 (1200 करोड़ रुपए ज्यादा) की चपत लगी। मेकर्स ने बड़ी उम्मीद से फिल्म 'सहारा' को बनाया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसके ढेर होने से मेकर्स भी टूट गए थे।

### फ्लॉप लिस्ट में मिला स्थान

यहां तक कि आईएमडीवी ने फिल्मों के इतिहास में सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म की लिस्ट में इसे 5वां स्थान दिया था। सहारा को दुनिया की चौथी सबसे फ्लॉप फिल्म का टैग मिला है। टाइम मैगजीन में भी फिल्म 'सहारा' के फ्लॉप होने के रिकॉर्ड हैं। 'सहारा' ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 120 मिलियन डॉलर की कमाई की थी। फिल्म की कुल लागत 240 मिलियन डॉलर थी।

### फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म 'सहारा' की कहानी की बात करें तो यह एक अमेरिकी-एडवेंचर फिल्म है, जिसे ब्रेक ईसनर ने बनाया था। गौरतलब है कि साल 1992 में इसी नाम से एक नोबल भी रिलीज हुआ था। फिल्म 'सहारा' में मैथ्यू मैक्कनौगी, स्टीव जॉन और पेनेलोप क्रूज अहम रोल में थे। इस फिल्म की कहानी सहारा रेगिस्तान में खो चुके आयरनक्लैड वॉरशिप को ढूंढने की है।

# आंखों से सुरमा चुराने वाले सितारे का दिल कई हसीनाओं ने तोड़ा...

*नई दिल्ली। जब भी हिंदी सिनेमा के दिग्गजों की बात की जाएगी उसमें राज कुमार का नाम शीर्ष पर ही दिखाई देगा। राज कुमार ने अपनी अदाकारी डायलॉग डिलीवरी और महाराजाओं वाले ठाठ के चलते दर्शकों के दिल में एक अलग जगह और पहचान बनाई थी। राज कुमार का असली नाम कुलभूषण पंडित था। उन्होंने अपनी इंस्पेक्टर की नौकरी छोड़कर अभिनय की दुनिया का रुख किया था। राज कुमार जितना अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में रहे उतना ही अपनी लव लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहे।*



***हेमा मालिनी को किया था प्रपोज :*** *कहा जाता है कि राज कुमार हेमा मालिनी के प्यार में पड़ गए थे। अभिनेता उनके बहुत बड़े प्रशंसक थे। राज कुमार हेमा मालिनी को इतना पसंद करते थे कि जब उन्हें 'लाल पत्थर' में कास्ट किया गया था, तब उन्होंने निर्देशक एफसी मेहरा को वैजयंती माला की जगह हेमा मालिनी को कास्ट करने के लिए कहा था। लेकिन जब हेमा मालिनी को 'लाल पत्थर' मिला तो उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। हालांकि, बाद में राजकुमार ने उन्हें फिल्म के लिए मनाया भी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तो यह भी कहा जाता है कि फिल्म खत्म होने के बाद अभिनेता ने हेमा मालिनी को प्रपोज भी कर दिया था, लेकिन अभिनेत्री ने इनकार कर दिया था।*

***एयर होस्टेस जेनिफर से की शादी :*** *इन सभी के प्यार में पड़ने के बाद अंत में राज कुमार ने एयर होस्टेस जेनिफर से शादी कर ली। दोनों के तीन बच्चे पुरु राज, पाणिनि राज और वास्तविकता पंडित हैं। राज कुमार ने सौदागर, मदर इंडिया, पैगाम, दिल एक मंदिर, वक्त, लाल पत्थर, तिरंगा जैसी हिट फिल्में की हैं।*

### मीना कुमारी को पसंद करने लगे थे

राज कुमार ने 'पाकीजा' फिल्म में मीना कुमारी के साथ काम किया था। अफवाहें यह भी थीं कि राज कुमार उन्हें पसंद करने लगे थे। कहा तो यह भी जाता है कि अभिनेता मीना कुमारी की खूबसूरती में इस कदर डूबे रहते थे कि अपने संवाद भी भूल जाते थे। हालांकि, मीना कुमारी के शादीशुदा होने की वजह से वह कभी अपने प्यार का इजहार नहीं कर पाएं।

## शुरुआत में कई चुनौतियों का करना पड़ा था सामना, आज भी है दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी

# राजेश खन्ना को नहीं पसंद था जया-अमिताभ का रिश्ता

*नई दिल्ली। जया बच्चन और अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के प्रसिद्ध कपल हैं। लेकिन क्या आपको ये पता है कि दोनों के बीच प्रेम कहानी कैसे पनपी थी। दोनों को ही शुरुआत में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन यह जोड़ा, जिनकी प्रेम कहानी 70 के दशक की शुरुआत से है। आज भी दर्शकों की पसंदीदा जोड़ी है। जया और अमिताभ ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया है और उन्हें संबंध लक्ष्य दिए हैं। जब दोनों ने डेटिंग शुरू की थी, तो हर कोई उनके रिश्ते का समर्थन नहीं करता था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राजेश खन्ना, जो जया बच्चन के दोस्त थे। उन्होंने भी दोनों के संबंधों को लेकर संदेह व्यक्त किया था।*

### ऐसे हुई थी जया और अमिताभ की मुलाकात

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिग बी, जो उस समय एक उभरते हुए सितारे थे, एक पत्रिका के विज्ञापन में जया को देखकर मोहित हो गए थे। उनके बारे में पूछताछ करने पर, उन्हें पता चला कि वे जल्द ही ऋषिकेश मुखर्जी की निर्देशित फिल्म गुड्डी में साथ काम करने वाले थे, जहां बिग बी और जया बच्चन पहली बार औपचारिक रूप से मिले थे। धीरे-धीरे, उनके लिए उनकी भावनाएं विकसित होने लगीं। यह जया ही थीं जिन्होंने पहली बार उनके बीच प्रेम संबंध को महसूस किया। 1972 की फिल्म एक नजर में उनका समय भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि अमिताभ को उनके लिए अपनी बढ़ती भावनाओं का एहसास होने लगा था।



### राजेश खन्ना ने दी थी बिग बी से दूर रहने की सलाह!

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राजेश खन्ना ने जया को बिग बी से दूर रहने के लिए भी कहा था। 1972 की फिल्म बावर्ची के सेट पर, राजेश खन्ना ने कथित तौर पर अमिताभ बच्चन का अपमान किया और जया बच्चन से मिलने के लिए फिल्म के सेट पर जाने पर उन्हें नजर अंदाज कर दिया।

### बिग बी ने ऐसे किया था जया को प्रपोज

1973 में फिल्म जंजीर की रिलीज से पहले, इस जोड़े की जिंदगी में एक बड़ा मोड़ तब आया जब अमिताभ ने अपने दोस्तों के साथ लंदन घूमने की योजना बनाई और वह जया को भी साथ ले जाना चाहते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके माता-पिता, जो पारंपरिक मूल्यों में विश्वास करते थे। उन्होंने जोर देकर बिग बी से कहा कि वे पहले शादी कर लें। अपने माता-पिता की भावनाओं के महत्व देते हुए, बिग बी ने जया को प्रपोज किया। जया ने बिना किसी देरी के हां कह दी। फिर 3 जून 1973 को जया बच्चन और अमिताभ बच्चन अपने करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में विवाह बंधन में बंध गए।

# यूपी में शुरू हो चुका है कई सड़कों के चौड़ीकरण का काम

**धर्मार्थ मार्गों को बनाया जाएगा और बेहतर**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों को जाने वाले मार्गों को चौड़ा करने की योजना पर लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य विभाग से प्रमुख धार्मिक मार्गों की जानकारी मांगी है। धर्मार्थ मार्गों को नए सिरे से विकसित करने के लिए 1,758 करोड़ रुपये के बजट का प्रविधान किया है। पहले चरण में 586 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग के विभागीय मंत्री भी हैं। यही वजह है कि नियमित तौर पर विभागीय कार्यों की समीक्षा उनके स्तर से की जा रही है। बीते दिनों उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में धर्मार्थ मार्गों को नए सिरे से विकसित करने की योजना पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद लोनिवि ने इस योजना पर काम शुरू किया है।

# जिला स्तरीय रात्रि कालीन बालिका कबड्डी स्पर्धा का फाइनल आज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन





बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां सती पूजन समिति रामनगर प्रांगण में स्व. माधुरी देवी एवं स्व. उमेश शर्मा स्मृति कप जिला स्तरीय रात्रि कालीन बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सरस्वतीपुर, रुनियाडीह, बरपारा व खोपा की टीमों ने भाग लिया है। लीग आधारित खेलकूद में खोपा एवं सरस्वतीपुर की टीम ने जहां फाइनल में स्थान बनाने में सफलता अर्जित की, वहीं तृतीय स्थान पर बरपारा की टीम रही। खेल संयोजक व बस्तामुक्त विद्यालय माध्यमिक शाला रुनियाडीह के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि बालिका शिक्षा व बालिका खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन पिंकू शर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर के सौजन्य से की जा रही है। अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को क्रमशः 5000, 3000 व 2000 रुपए नगद व शील्ड तो वही अंडर 14 आयु वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को क्रमशः 3000, 2000 व 1000 रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया जाएगा। स्पर्धा में द्वितीय दिवस अंडर 17 बालिका वर्ग में डेडरी, सपकरा, सरस्वतीपुर, रुनियाडीह, रामनगर, देवीपुर, खोपा व पचिरा ग्राम की बालिका खिलाड़ी अपने खेल कौशल प्रदर्शन करेंगे। यह प्रतियोगिता शाम 7 बजे से मां सती पूजन समिति प्रांगण रामनगर में आयोजित हो रही है। स्पर्धा का फाइनल मैच नवरात्रि पर्व के महानवमी 11 अक्तूबर को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दिनेश साहू, प्रभा शंकर, मोतीलाल सिंह, रामकुमार राजवाड़े, भास्कर यादव एवं बोधन राजवाड़े निर्णायक की भूमिका में हैं। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में बाबूलाल यादव, सरपंच जवाहर सिंह, संतोष पावले, जगरनाथ यादव, राहुल जायसवाल, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, रोहित प्रजापति, सेवक प्रजापति, जुगेश्वर, तुलेश्वर, लालचंद मानिकपुरी, विजय यादव, भूपेश प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, अनिल सोनी सहित अन्य सक्रिय हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर जताया शोक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर किए अपने पोस्ट में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में रतन टाटा के योगदान को भारतवासी सदैव याद रखेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पोस्ट में लिखा कि सुप्रसिद्ध उद्योगपति, पद्म भूषण व पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत को सर्वोच्च स्थान पर स्थापित किया। उनका सादगी पूर्ण जीवन, नैतिक नेतृत्व और परोपकार की भावना एक मिसाल थी। वह सदैव हमारी यादों में जीवित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रतन टाटा का निधन भारत और उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। देश और समाज में बेहतर बदलाव के लिए उनके द्वारा किए गए अभूतपूर्व कार्य हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों, उनके शुभचिंतकों को संबल प्रदान करने की विनम्र प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति!


**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र........./अ-20/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकृष्ण गोयल, राधेकृष्ण गोयल, दोनों आ0 राजीव अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी चर्च रोड़ केदारपुर, अम्बिकापुर, उत्तम सिंह सिसोदिया भारत सिंह सिसोदिया दोनों आ0 श्री पी.एस. सिसोदिया जाति क्षत्रिय निवासी एम. जी. रोड़ अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य की मोहल्ला चोपड़ापारा नगर अम्बिकापुर शीट नंबर 01 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 9/157, 9/158 रकबा क्रमशः 0.151/4, 0.113/4 एकड़ भूमि एवं उस पर निर्मित मकान को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदप पत्र, मेंटनेन्स खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो अपना लिखित दावा - आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय -सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.2024050212000.../अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रेणु अग्रवाल पति स्व. चन्द्रभान अग्रवाल विशाल कुमार अग्रवाल, विकाश अग्रवाल आ0 स्व. चन्द्रभान अग्रवाल, निवासी बाजारपारा, नावापारा सखौली, जिला सरगुजा छ0ग0 के पति /पिता चन्द्रभान अग्रवाल के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि नगर अम्बिकापुर शीट नं 11क, मोहल्ला राम मंदिर मैदान, भू.खण्ड क्र. 3196/4813/2 रकबा 630 वर्गफीट भूमि /मकान है। भूधारक चन्द्रभान अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 22.05.2021 को हो जाने के कारण फौति नामांतरण के आधार पर स्वयं का नाम दर्ज कराने बावत आवेदकगण द्वारा भूधारक चन्द्रभान अग्रवाल के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो, तो अपना लिखित दावा - आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-25/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय -सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक / /वाचक-1/व्यपवर्तन / 2024
पत्थलगांव, दिनांक 23/09/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.न. 06. तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक छोटेलाल गुप्ता पिता स्व. रघुनाथ गुप्ता जाति रौनियार निवासी ग्राम बिलाईटांगर पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पत्थलगांव प. ह. नं. 06 ख०नं० 481/1/ग/1 रकबा 0.020 हे. (05 डिसमिल) स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 23.10.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी

(रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक / /वाचक-1/व्यपवर्तन / 2024
पत्थलगांव, दिनांक 23/09/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम कोतबा प.ह.न. 39, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाल्टर किस्पोटटा पिता लोरेन्स किस्पोटटा जाति उरांव निवासी ग्राम गुड़लू महादेवडॉड तहसील पत्थलगांव जिला- जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम कोतबा प. ह. नं. 39 ख०नं० 1159/1 रकबा 0.3240 हे. में से 0.081 हे. स्थित आवेदित भूमि का आवास एवं कन्या छात्रावास निर्माण प्रयोजनार्थ के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं मोख्तारनामा खास, ऋण पुस्तिका एवं मिसल की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 23.10.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)


# क्षेत्रीय कल्याण समिति में शिवाकांत किए गए शामिल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन


बिश्रामपुर। कोयला मजदूर सभा एचएमएस के जनरल सेक्रेटरी नाथूलाल पांडेय ने अमेरा खदान के ओवर मैन शिवाकांत मिश्रा को एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय कल्याण समिति का सदस्य नियुक्त किया है। नाथूलाल पांडेय ने जारी पत्र में बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए परमजीत सिंह मेकेनिकल फिटर व ओवर मैन शिवाकांत मिश्रा को एचएमएस का एरिया वेलफेयर बोर्ड सदस्य नामित किया है। बिश्रामपुर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक के नाम जारी पत्र में इस बात का उल्लेख है। बता दें कि एचएमएस के क्षेत्रीय संगठन में इन दिनों आंतरिक कलह मची हुई है और स्थानीय कर्मचारियों के बीच कई गुट बन गए हैं। अभी हाल में हुए सदस्यता सत्यापन में इसी गुटबाजी के कारण एक दूसरे को नीचा दिखाने के प्रयास में संगठन के लोग भिड़े रहे और परिणाम यह हुआ कि कंपनी स्तर पर इस बार एचएमएस को बीएमएस ने मामूली अंतर से मात देकर दूसरे स्थान पर ढकेल खुद शीर्ष पर काबिज हो गई। यदि क्षेत्रीय संगठन के लोग एकजुट होकर सदस्यता सत्यापन में भिड़ते तो ऐसी स्थिति कतई निर्मित नहीं होती।

# छठघाट तालाब में डूबने से ग्रामीण की हुई मौत

बिश्रामपुर। भंडारा में मजदूरी करने आए ग्रामीण की आज तालाब में डूबने से मौत हो गई है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामनगर अड़रापारा निवासी 45 वर्षीय सोमार साय उर्फ नान साय उर्फ तातर पिता स्व.घनी राम नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित दुर्गा पूजा के अवसर पर दिए जाने वाले भंडारा में मजदूरी करने गांव के अन्य लोगों के साथ आया हुआ था। गुरुवार की सुबह जब वह अपनी 8 वर्षीय पुत्री निर्मला के साथ छठ घाट के तालाब में दूसरे छोर पर जाकर स्नान करने जब कूदा तब अचानक गहराई में चले जाने से ग्रामीण की डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# रविवारीय बाजार में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पुनः नोटिस चस्पा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



बिश्रामपुर। एसईसीएल क्षेत्र के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि पर किए अवैध कब्जा पर एसईसीएल सुरक्षा अधिकारी द्वारा पुनः नोटिस चस्पा कराया गया है। गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि पर रविवारीय बाजार में ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की वार्ड पंच श्रीमती अनीता सिंह द्वारा अनाधिकृत रूप से पंचायती कार्य कराने के बहाने अपने स्वयं का दुकान निर्माण कार्य जबरन कराया गया है। यहां पर एसईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा उक्त निर्माण कार्य के शुरूआती दौर से ही नोटिस जारी किया जा रहा है और महिला वार्ड पंच द्वारा यहां पर पर्दा की आड़ लेकर अपना दुकान का निर्माण कार्य अवैध रूप से करा लिया गया है। ऐसी स्थिति में पर्दा हटाए जाने पर उक्त बेजा कब्जा का निर्माण कार्य पूर्ण देख एसईसीएल सुरक्षा कर्मियों द्वारा बुधवार को पुनः नोटिस चस्पा कर अवैध कब्जा को हटाए जाने की बात कही गई है। ज्ञात हो कि उक्त अवैध कब्जा के खिलाफ कार्यवाही हेतु शुरूआती दौर में ही महिला वार्ड पंच द्वारा सुरक्षाकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने पर झूठे मामले में फंसाए जाने की धमकी दिए जाने का आरोप लगा प्रबंधन द्वारा पिलखा नायब तहसीलदार को भी पत्र प्रेषित कर उचित कार्यवाही किए जाने की बात कही गई थी, बावजूद इसके उचित कार्यवाही नहीं होने के कारण आज उक्त अवैध कब्जा का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।


**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........./अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक साहिल गर्ग, आशीष गर्ग आ0 सुनिल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी अग्रेसन वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 2797/3 रकबा 0.060 हे0 में से 0.030 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचारधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/10/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र0-2024050212000/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती रेनू देवी पति रविन्द्र कुमार सोनकर, निवासी मौलवी बांध के पास, अम्बिकापुर के द्वारा अनावेदक कृष्णानन्द सिंह पिता स्व. राजेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी केदारपुर अम्बिकापुर के स्वत्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि शीट नं. 09, मोहल्ला सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं. 3385/20 रकबा 677.5 वर्गमीटर में से रकबा 896.7 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 24.09.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा /आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक / / 2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07//2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र0-2024050212000/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कृष्णानन्द सिंह पिता स्व. राजेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी केदारपुर, अम्बिकापुर के द्वारा अनावेदिका - श्रीमती पूनम चौबे पति अनिल चौबे, निवासी मौलवी बांध नमनाकला, अम्बिकापुर के स्वत्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि शीट नं. 09, मोहल्ला बाबूपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं. 3467/4866/191 रकबा 883.41 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 24.09.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र0-2024050212000/अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती पूनम चौबे पति अनिल चौबे, निवासी मौलवी बांध नमनाकला, अम्बिकापुर के द्वारा अनावेदक कृष्णानन्द सिंह पिता स्व. राजेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी केदारपुर अम्बिकापुर के स्वत्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि शीट नं. 09, मोहल्ला सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं. 3385/20 रकबा 677.5 वर्गमीटर में से रकबा 883.41 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 24.09.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०-2024050212000./अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कृष्णानन्द सिंह पिता स्व. राजेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी केदारपुर, अम्बिकापुर के द्वारा अनावेदिका - श्रीमती रेनू देवी पति रविन्द्र कुमार सोनकर, निवासी मौलवी बांध के पास, अम्बिकापुर के स्वत्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि शीट नं. 09, मोहल्ला बाबूपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं. 3467/4866/169 रकबा 896.7 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 24.09. 2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

रा०प्र०क्र०/अ-6-अ/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुभद्रा बाई पति तिलक राम, निवासी ग्राम बलसेड़ी, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा०) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि ग्राम बलसेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 318/470, 318/474 रकबा क्रमशः 1.090, 0.505 हे० का पट्टा न्यायालय सहायक बंदोबस्त अधिकारी के रा०प्र०क्र० 62/अ-19(1)/1990-91 के अनुसार आवेदिका को प्रदान किया गया है, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में आवेदिका का नाम दर्ज नहीं है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/10/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

## पीएम आवास पूर्ण करने एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सफल क्रियान्वयन हेतु लगा चौपाल



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जिले के जनपद पंचायत ओडगी अंतर्गत ग्राम पंचायत अवंतिकापुर एवं ग्राम पंचायत कुबेरपुर में आवास चौपाल लगाकर आवास हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास पूर्ण करने हेतू निर्देशित किया गया एवं कम समय में आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कराया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने, सुखा कचरा, गिला कचरा, प्लास्टिक प्रतिबंधित करने व एसएलआरएम शेड में साफ सफाई करने के लिए निर्देश दिया गया। तत्पश्चात सीईओ के द्वारा उप जनपद कैंप बिहारपुर के पंचायत भवन में बिहारपुर सेक्टर के अंतर्गत आने वाले 25 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों का आवास, स्वच्छ भारत मिशन के निर्माण कार्यो का समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें समय-सीमा में आवास, एलएलआरएम शेड, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित जनपद पंचायत ओडगी के सीईओ, मनरेगा पीओ, पीएमएवाई, तकनीकि सहायक, एसबीएम कलस्टर समन्वयक, आरईएस सब इंजीनियर व मनरेगा तकनीकी सहायक उपस्थित रहे।

# शारदीय नवरात्र पर शक्ति की भक्ति में डूबा जिला, देवी मन्दिरों व पंडालों में उमड़ रही श्रधालुओं की भीड़

**0 जिले के गांव से लेकर शहर तक सांस्कृतिक आयोजनों की धूम 0 श्री नवयुवक दुर्गा मण्डल ने मनाया 38 वां वार्षिकोत्सव**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** समूचे जिले में इन दिनों शारदीय नवरात्र पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। गांव से लेकर शहर तक लोग जगत जननी माँ दुर्गा की भक्ति में लीन है। दुर्गा पूजा के अवसर पर जगह जगह होने वाले आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ शामिल हो रहे है। श्रधालुओ की भीड़ से पंडालो में चहल पहल व रौनक बनी हुई है। वहीं जिले के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी की पूजा अर्चना में लीन है। कहीं जस गीत तो कहीं डांडिया महोत्सव व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग उत्साह के साथ शामिल हो रहे है। जिससे दिन तो दिन रात में भी सड़के गुलजार है। बुधवार की रात यहां सार्वजनिक दुर्गा पण्डाल में धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री नवयुवक दुर्गा मण्डल ने अपना 38वां वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया। इस मौके पर मण्डल द्वारा कलकत्ता व रायपुर से भजन गायकों को आमंत्रित किया था। जिन्होंने आकर्षक झांकियो के साथ बाहर से आये हुए एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा पूरी रात भनभवन भजनो की प्रस्तुति देकर लोगो को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर परंपरा के अनुसार बड़ी संख्या में श्रधालुओ ने माता रानी को चुनरी भेंट कर परिवार की प्रगति व खुशहाली की कामना की। वहीं नगर के नवापारा स्थित पण्डाल में माता के भव्य जगराते व गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु झूमते नजर आए।



### करवां में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिले के ग्राम करवां में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हाई स्कूल के सामने यज्ञशाला प्रांगण के दुर्गा पंडाल में श्री नवदुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। मां दुर्गा के नव स्वरूपों में सप्तमी तिथि को पट खुलने के साथ ही माता का श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात पूजा अर्चना कर आरती की गई। समिति के अध्यक्ष अमरसाय राजवाड़े ने बताया कि दुर्गा पंडाल में लगातार तीसरे वर्ष दुर्गा पूजा किया जा रहा है। प्रतिदिन संध्या पूजा, आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। देवी भजन, जगराता का कार्यक्रम एवं स्थानीय बच्चों द्वारा नृत्य संगीत का आयोजन की जा रहा है, जिसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। बच्चों के कार्यक्रम में श्रेष्ठ कार्यक्रम को चयनित कर पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। विजयादशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम हेतु समिति द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया, जिनके द्वारा रावण का पुतला बनाने का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। करवां के यादव, सरकारीपारा, माझापारा, पड़कीपारा सहित आसपास क्षेत्र में मां दुर्गा का भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अमर साय राजवाड़े समेत उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, ललन सिंह, कोषाध्यक्ष महेश कुशवाहा, सचिव प्रज्ञा कुशवाहा, संतोष कुशवाहा फलेश्वर कुशवाहा, श्रीराम कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, तेज प्रताप सिंह, दुर्गा प्रसाद साहू, मधुसूदन कुशवाहा, संजय कुशवाहा, नरेश गुप्ता, मृत्युंजय कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, मानिकचंद कुशवाहा, जनार्दन कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, नरेश कुशवाहा व श्री सिद्धिविनायक नवयुवक गणेश पूजन समिति के सदस्य सक्रिय हैं।

### प्रतापपुर में धूमधाम से हो रहा आयोजन

नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतापपुर में मां दुर्गा पूजन समिति बस स्टैंड द्वारा भव्य पूजा अर्चना और भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हो रहे हैं। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। समिति ने स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें गरबा नृत्य, डांडिया, और जगराता कार्यक्रमों ने भक्तों को उत्साहित कर दिया। विशेष रूप से जस गीत और भक्ति गीतों की धुनों पर लोग झूम उठे। लोगो ने गरबा नृत्य करते हुए पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक मास्टर सुनील और उषा ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और भी बढ़ गया। साथ ही, स्थानीय भजन गायक राजेश गुप्ता के गीत पंखिड़ा पंखिड़ा पर लोगों ने जमकर नृत्य किया।

### निकाली गई आकर्षक झांकियां

इस भव्य आयोजन में देवी-देवताओं की विभिन्न झांकियां भी निकाली गईं, जिनका सभी ने आनंद लिया। माता दुर्गा के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा और श्रद्धालु भक्तिभाव में डूब गए। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों का अहम योगदान रहा। जिसमे राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, अरविंद जायसवाल, अनमोल शर्मा, शेखर शर्मा, नवीन सोनू जायसवाल, संजय जयसवाल, कमलेश गुप्ता, मुकेश तायल, अंबिका जायसवाल, बूल्ली अग्रवाल, किरण जयसवाल, अमित सोनी, सोनू रजक, गोलू अग्रवाल, शुभम कश्यप, सोनू कश्यप सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।


## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेण्ड्रारोड ( छ.ग. )

E-Mail-dfomarwahi@yahoo.com

### नीलाम सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मरवाही वनमंडल पेण्ड्रारोड के मड़ना डिपो एवं अन्य डिपो में निम्न विवरण अनुसार वनोपज नीलाम किया जाना है। इच्छुक व्यापारी नीलाम में अवश्य भाग लेवें। नीलाम की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय अथवा मड़ना डिपो से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम – मड़ना काष्ठागार
नीलाम दिनांक – 17.10.2024
नीलामी प्रारंभ – प्रातः 09:00 बजे से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपों का नाम | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) पुराना | लट्ठा (घ.मी.) नया | बल्ली नग पुराना | बल्ली नग नया |
|---|---|---|---|---|---|
| मडना डिपो | सागौन | 3.877 | 36.500 | - | - |
| | साल | 26.963 | - | 137 | 450 |
| | बीजा | 7.483 | - | - | - |
| | तिंसा . | 14.030 | - | 53 | - |
| | हल्दू/मु./ख | 0.842 | - | - | - |
| | अन्य | 8.338 | - | 162 | - |
| | नीलगिरी | 40.734 | 91.600 | 1315 | 3000 |
| | R.T.L साल – साजा | 394.792 | - | - | - |
| | R.T.L अन्य | 168.249 | - | - | - |
| | योग :– | 665.308 | 128.100 | 1667 | 3450 |
| जलाऊ डिपो पेण्ड्रा | सागौन जलाऊ | - | 02 | - | - |
| | योग :– | - | 02 Chatta | - | - |
| मडना काष्ठागार प्रांगण | शासकीय वाहन | मार्सल – 01 | | | |

टीप :–
(1) क्रेता को पेन नं. एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जीएसटी की छयाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
मरवाही वनमंडल, पेण्ड्रारोड

जी-242503078/6


# वन विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज गोंगपा ने किया जंगी प्रदर्शन

**0 किया वन परीक्षेत्र अधिकारी कार्यलय का घेराव 0 एक सप्ताह में निराकरण के भरोसे पर प्रदर्शन हुआ समाप्त**

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की जिला इकाई के नेतृत्व में जनहित के विभिन्न मांगों को लेकर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कवल साय सरूता की अगुवाई में वन परिक्षेत्र घुई के कर्मचारियों के अड़ियल रवैया से आक्रोषित ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में ग्राम दुल्दुली से विशाल रैली निकालकर वन विभाग घुई कार्यालय पहुंच कर जंगी प्रदर्शन किया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों को ग्रामीणों का भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। करीब तीन घण्टे तक प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार व रेंजर के आश्वासन बाद ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामअधीन पोया ने कहा की वन विभाग के आलाधिकारी ग्रामीण जनताओं की विभिन्न मांगों को जल्द पूरा करें। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कवल साय सरुता ने बताया की क्षेत्र में वन भूमि जमीन पर पूँजीपति लोगों का कब्जा हो रहा है, और विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हैं, लगातार हाथियों का आतंक फैला रहा है लेकिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को किसी तरह का कोई सुरक्षा प्रदान नहीं किया जाता। जिससे आये दिन हाथी मानव द्वंद्व का सामना करना पड़ रहा है। घुई वन परिक्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहते हैं जिससे हाथियों के विचरण की सूचना समय पर नहीं मिल पाती। इससे



मानव हाथी द्वंद्व की संभावना हमेशा बनी रहती है। अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी और गैर- जिम्मेदाराना रवैया से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारियों को फोन किया जाता है तो फोन नहीं उठाते, ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। सालों से हाथियों नुकसान किये मुआवजा राशि नहीं दिया गया है। जिस क्षेत्र के आदिवासी किसान काफी प्रताड़ित है। जिलाध्यक्ष कवल साय सरूता ने कर्मचारियों की घोर लापरवाही को उजागर करते हुए फारेस्ट गार्ड मनोज तिवारी के साथ अन्य लापरवाह कर्मचारियों को तत्काल हटाने अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखा। साथ ही उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही सभी मांगों एवं समस्याओं पर कार्यवाही विभाग नहीं करती है तो आने वाले समय में व्यापक आंदोलन का रुख अपनाते हुए वनमण्डलाधिकारी घेराव एवं बनारस रोड 11 नम्बर पर चक्काजाम करेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। कार्यवाहक अध्यक्ष देवसाय पोया ने कहा वन विभाग के अधिकारियों के घोर लापरवाही के कारण ग्रामीण जनता हमेशा परेशान रहते हैं वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में नियमित रूप से नहीं रहते हैं। जिला महासचिव चन्द्रदीप कोर्चो ने वन विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा की क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंग फैला रहता है जिससे कई ग्रामीणों का जन – धन हानि होती है लेकिन वन विभाग के कर्मचारी समय पर पहुंचने में नाकाम रहती है वहीं हाथियों के द्वारा सैकड़ों किसानों की फ़सल नुकसान हुआ लेकिन आज तक कोई राशि नहीं मिली है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वन परिक्षेत्र अधिकारी अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी ( वन अधिकारों की मान्यता )अधिनियम 2006, 2007 एवं संसोधित अधिनियम 2012 तथा छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध नियम 2022 को खुलेआम उलंघन किया जा रहा है। 13 दिसम्बर 2005 के पूर्व से वन भूमि में काबिज – कास्त किसानों को बेदखल किया जा रहा है। विभाग द्वारा कंट्रोल गड्ढा खोदाई किया जाता है लेकिन वन कर्मीयों द्वारा ग्राम सभा का प्रस्ताव नहीं लिया जाता है। वर्ष 2022 में हाथियों के द्वारा किसान महेंद्र, सुभाष, सूरज दोहरे, शिव प्रसाद, रामचंद्र, महावीर, रनसाय, शिवा सिंह, इन सभी ग्रामीणों का फ़सल नष्ट हुई, लेकिन आज तक उचित मुवावजा नहीं मिला है। इस दौरान सुरक्षा दृष्टि को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सभी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी तैनात थे।

प्रदर्शन में पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष छोटेलाल आयाम, धर्मपाल पोया संघठन मंत्री, कमान सिंह मराबी विधानसभा प्रभारी प्रतापपुर, मंजूषा पोया मिडिया प्रभारी, खुर्सेगा समाज सेवी वाड्राफनगर, मेघनाथ आयाम, नर्मदा मराबी, विनीता पोया, विकास नेटी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व गोंगपा के पदाधिकारी शामिल रहे।

# दीपावली पर पटाखा दुकानों के संचालन को लेकर जारी की गई एडवाइजरी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में संचालित समस्त स्थायी व अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव एवं सावधानी के लिये नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है। जांच के दौरान इन तय किए गए नियमों का पालन नहीं करने पर छ.ग. अग्निशमन आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही किया जायेगा।

नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा जारी एडवाइजरी इस प्रकार हैं कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे, कपडा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक दुसरे के सामने न बनाई जाएं। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिये। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होना चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकानो ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 05 किग्रा. क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए। इसकी मारक क्षमता 6 फिट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा सुपर हीरो के सामने बाइक व कार की पार्किंग पर प्रतिबंध होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नम्बर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

## नपाध्यक्ष ने किया चैतन्य देवियों की झांकी के तीसरे दिवस का उद्घाटन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां स्टेट बैंक के समीप प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकी का तीसरे दिवस का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष के के अग्रवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवेश गोयल, अशोक अग्रवाल, आर एस मिश्रा, ब्रह्माकुमारी मंजू बहन एवं मनोहर सोनी द्वारा किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सजाई गई चैतन्य देवियों की आकर्षक व मनोहारी झांकी को देखने उत्साह के साथ प्रतिदिन बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास क्षेत्र के लोग पहुंच रहे है।


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज ( छ.ग. )

### ईश्तहार

ग्राम– खिराखांड ग्राम पंचायत– झलपी
विकासखण्ड– बलरामपुर।

एतद् द्वारा सार्वसाधारण ग्राम खिराखांड़, ग्राम पंचायत झलपी, विकासखण्ड बलरामपुर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक शाला खिराखांड़, ग्राम पंचायत झलपी के मध्यान्ह भोजन संच. ालन कार्य नये एजेंसी को आबंटित किया जाना है। अतः जो एजेंसी प्राथमिक शाला खिराखांड़, ग्राम पंचायत झलपी का संचालन करना चाहती है वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 21/10/2024 तक इस कार्यालय में जमा कर सकता है। समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
बलरामपुर

जी-242503056/1

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज ( छ.ग. )

### ईश्तहार

ग्राम– बरदर
विकासखण्ड– बलरामपुर।

एतद् द्वारा सार्वसाधारण ग्राम बरदर, विकासखण्ड बलरामपुर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक शाला बरदर के मध्यान्ह भोजन संचालन कार्य नये एजेंसी को आबंटित किया जाना है। अतः जो एजेंसी प्राथमिक शाला बरदर का संचालन करना चाहती है वे अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में दिनांक 21/10/2024 तक इस कार्यालय में जमा कर सकता है। समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 4/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
बलरामपुर

जी-242503058/2

कोरिया फ्रंटलाइन

## विष्णु के सुशासन में तेजी से बदल रही गांव की तस्वीर

# विकास और समाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ग्राम पंचायत घुघरी विकास और बदलाव की नई परिभाषा गढ़ रहा

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में तेजी से बदल रही है राज्य के गांवों की तस्वीर। शासन के प्रयासों और पंचायती राज योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के बदौलत प्रदेश के गांव अब विकास और समाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में नई कहानियां लिख रहे हैं।



ऐसी ही एक कहानी है जशपुर जिले के बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घुघरी की। जिला मुख्यालय जशपुर से 93 किलोमीटर दूर स्थित यह गांव विकास और बदलाव की नई परिभाषा गढ़ रहा है। यहां पंचायत की बैठकों में जनभागीदारी के माध्यम से गांव के हर चुनौति का समाधान किया जाता है। गांव में 567 लोगों का राशन कार्ड बनाया गया हैं जिनमें 37 एपीएल कार्ड, 407 बीपीएल कार्ड शामिल हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से 216 बच्चों को पोषण का लाभ मिल रहा है। धात्री और गर्भवती महिलाओं के लिए भी पोषण की व्यवस्था की गई है। समाजिक सुरक्षा के लिए 2 लाख 10 हजार खर्च किए गए हैं। साथ ही 342 लोगों को पेंशन योजनाओं से जोड़ा गया है। घुघरी निवासी मंगरी बाई ने बताया कि उन्हें हर महिना 500 रूपए पेंशन मिलती है। उसी पैसे से अपना जीवन यापन करती हैं। परिवार के पालन पोषण करने में सहायता मिल रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् 56 जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। 483 परिवारों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए हैं। पीछे दो वर्षो में मनरेगा के 20 व्यक्तिगत तालाबों का निर्माण कराया गया है। ग्राम पंचायत घुघरी के विनोद राम ने बताया कि उनके गांव में अक्टूबर और नवम्बर में मनरेगा का कार्य चालू होता है। उसमें गांव के लोग काम करने जाते हैं। गाव के लोगों का जॉब कार्ड है। मनरेगा में कार्य करके सभी परिवार मिलकर 28 हजार रूपए कमा लेते हैं। इसे घर परिवार अच्छा से चल रहा है। महिला सशक्तिकरण के उददेश्य से 36 स्व सहायता समूहों का गठन कर 412 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। ग्राम पंचायत घुघरी की यह कहानी संवरते छत्तीसगढ़ के सुरक्षित होते भविष्य की कहानी है।



# तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन-जागरुकता रैली




**छ.ग.फ्रंटलाइन कोरिया।** जिला स्वास्थ्य समिति, कोरिया के तत्वावधान में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत (राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) तंबाकू के दुष्प्रभाव के प्रति 9 अक्टूबर को जिला अस्पताल, बैकुंठपुर से घड़ी चौक तक जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। ''जिंदगी चुनो तंबाकू नहीं'' थीम पर आधारित इस जन जागरूकता रैली में आम लोगों से अपील करते हुए कहा गया कि तम्बाकू सेहत के लिए जितना हानिकारक है, उतना ही परिवार समाज के लिए भी नुकसानदायक है। छात्र-छात्राओं ने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नशा, तम्बाकू से दूर होना होगा, तभी समाज व राज्य सशक्त होगा। रैली में सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी सहित समाज कल्याण विभाग व स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग शिक्षक-शिक्षिकाओं, अधिकारी, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन एमसीबी।** अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खड़गवां के जानकारी अनुसार सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत जरौंधा विकासखण्ड खड़गवां (आईडी क्रमांक-532004041) का सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आबंटन किया जाना हैं। जिसकी सूचना प्राप्त है। इस हेतु आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति, महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है। अत: उपरोक्त संबंधितों से 30 सितंबर 2024 से 14 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय तक पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## जिले में 01 जून से अब तक 1074.7 मिमी वर्षा

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 1074.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 10 वर्षो की तुलना में 01 जून से आज तक औसत वर्षा 1082.7 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 5.5 मिमी वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 953.6 मिमी, मनोरा में 1453.4 मिमी, कुनकुरी में 1492.8 मिमी, दुलदुला में 924.9 मिमी, फरसाबहार में 639.2 मिमी, बगीचा में 1288.6 मिमी, कांसाबेल में 888.0 मिमी, पत्थलगॉव में 983.1 मिमी, सन्ना में 1315.4 मिमी एवं बागबहार में 807.8 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी तहसील में दर्ज की गई है।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की राशि स्वीकृत

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम जोकबहला निवासी अंजली पन्ना का आकाशीय बिजली वज्रपात से 03 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके माता रूथ पन्ना बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# एंटी स्नेक वेनम से बची मरीज की जान

## सन्ना सीएचसी में तुरंत किया गया इलाज





**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया हैं। इसके साथ ही सांप के काटने पर झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों से दूर रहने और तुरंत स्वास्थ्य केंद्रों में आकर इलाज करने संबंधी जनजागरुकता फैलाने के निर्देश दिए हैं।

आज सन्ना के श्री रसेल राम को सुबह रसेल बंबू पिट वाइपर सांप ने काट लिया। वे अपने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सन्ना पहुंचे। यहां पर उन्हें एंटी स्नेक वेनम का इंजेक्शन लगाया गया। इलाज करने वाले डॉक्टर ने बताया की फिलहाल मरिज की हालत सामान्य है। श्री रसेल राम सन्ना सीएचसी आने से पहले झाड़फूक करने वाले के पास गए थे। जब हालत बिगड़ने लगी तब वे सीएचसी सन्ना इलाज के लिए आए। डॉक्टर ने उन्हें समझाइश देने के साथ अंधविश्वासों से दूर रहने की सलाह दी। डॉक्टर ने बताया की गावों में शासन के निर्देशानुसार सांप काटने पर झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों से दूर रहने और तत्काल स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज करने संबंधी जागरूकता फैलाई जाती है। इसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं और लोग स्वास्थ्य केंद्रों में आकर अपना इलाज करा रहे हैं।

# लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सार्थक प्रयास से जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। और लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाया जा रहा है। विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने समस्त चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर प्रभारी, सीएचओ एवं आरएचओ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम का समीक्षा बैठक लिया गया ।



बैठक में लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। स्क्रीनिंग, डायग्नोसिस, ट्रीटमेंट्स, फॉलोअप के डाटा पर समीक्षा किया गया। धीमी प्रगति वाले सीएचओ को प्रोग्रेस लाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही हेल्थ वेलनेस ऐक्टिविटी, टेली कंसल्टेशन में प्रगति लाने के लिए कहा गया पहला त्रैमासिक में कम गर्भवती पंजीयन करने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के सीएचओ एवं आरएचओ को नोटिस जारी किया गया। क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् कम उपलब्धि वाले स्वास्थ्य केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन बरियार, बीपीएम, बीईटीओ बीडीएम सेक्टर सुपरवाइजर सभी उपस्थित रहे।

# मुंबई के विभिन्न स्थानों में जशप्योर ब्रांड के उत्पादों की लगाई गई स्टॉल

## उत्पाद अपनी शुद्धता और स्वास्थ्य लाभ के कारण बनी हुई है मांग




**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जशपुर के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय आदिवासी स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पादों को मुम्बई में भी पसंद किया जा रहा है। प्रदर्शनी का अवलोकन करके बड़ी मात्रा में खरीदी कर रहे हैं।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशप्योर ब्रांड का मुंबई के विभिन्न स्थानों पर नियमित स्टॉल लगाई जा रही है। जहॉ जशपुर जिले के स्थानीय कच्चे माल से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है जो जशपुर की आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हैं। ये उत्पाद अपनी शुद्धता और स्वास्थ्य लाभ के कारण उच्च मांग में हैं, क्योंकि इनमें कोई रसायन नहीं होते हैं, जिससे वे बाजार के अन्य उत्पादों की तुलना में एक स्वस्थ विकल्प बन जाते हैं।

इन स्टॉल गतिविधियों को महाराष्ट्र के जवाहर जिले के स्थानीय आदिवासी किसानों द्वारा निष्पादित किया जाता है। जिला प्रशासन की इस पहल से जशपुर जिले के आदिवासियों के साथ-साथ जवाहर के आदिवासियों को भी रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। खाद्य प्रसंस्करण सलाहकार एवं युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने कहा कि महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उत्पाद, जैसे महुआ सिरप (शहद का महुआ आधारित विकल्प), महुआ आधारित चीनी मुक्त च्यवनप्राश विकल्प फॉरेस्टगोल्ड वन्यप्राश और बाजरा पास्ता के नियमित ग्राहक प्राप्त कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त छिन्द घास के हाथ से बने टोकरियॉ त्यौहारी मौसम के दौरान उच्च मांग में हैं।

जशप्योर ब्रांड का स्टॉल डीसीबी बैंक मुख्यालय, मुंबई कैफे लीप लॉजिस्टिक्स, कांदिवली पश्चिम, गेब्स कैफेटेरिया, साकी नाका, अंधेरी वेस्ट, आदित्य बिड़ला अहुरा सेंटर वेस्ट, आईआईटी-मुंबई, पवई, सेंट्रल सबर्ब, गोरेगांव वेस्ट, वीवर्क-एक्सप्रेस टावर्स, नरीमन पॉइंट, दक्षिण, आनंद मेला, विक्रोली, सेंट्रल सबन, पवई, केंद्र, लोअर परेल, मुंबई, डीसीबी बैंक, लोअर परेल, मुंबई, लीप लॉजिस्टिक्स, कांदिवली मुंबई, गेब्स-अंधेरी, साकी नाका, वीवर्क-स्पेक्ट्रम टावर्स, वेस्ट सबअर्ब, मुंबई, वीवर्क-जेनिया बिल्डिंग ठाणे मुंबई सहित अन्य जगहों में लगाए गए हैं।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और जशपुर और जवाहर दोनों के आदिवासियों को स्थायी रोजगार प्रदान करने में जिला प्रशासन के प्रयास सराहनीय हैं। यह पहल न केवल आदिवासी समुदायों को सशक्त बना रही है बल्कि इन अद्वितीय, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के माध्यम से उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को भी सुनिश्चित कर रही है।

# आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति 16 अक्टूबर तक

**छ.ग.फ्रंटलाइन जशपुरनगर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना दुलदुला के द्वारा 43 आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका का प्रावधिक मूल्यांकन कर अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन 09 अक्टूबर 2024 को कर दिया गया है।

अंतिम वरिष्ठता सूची के संबंध में जिस व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो 16 अक्टूबर 2024 तक अपना दावा-आपत्ति एकीकृत बाल विकास परियोजना दुलदुला में कार्यालयीन समय में लिखित आवेदन पत्र के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा